पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 199

ग्वालियर, बुधवार, 8 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मुंबई में धारावी आईसीडीएस केंद्र का दौरा किया

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने मुंबई के धारावी में एक एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना केंद्र का दौरा किया। मंत्री ने योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले विभिन्न नागरिकों के साथ बातचीत की और उनके घरों पर भी गईं। श्रीमती ईरानी केंद्र सरकार के पोषण अभियान के तहत चल रहे पोषण माह 2021 के दौरान विभिन्न लक्षित आउटरीच गतिविधियों के हिस्से के रूप में मुंबई में हैं। मंत्री ने गंभीर और तीव्र कुपोषण (एसएएम) से पीड़ित गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों को पोषण किट और फलों की टोकरियां भी वितरित कीं। बृहन्मुंबई नगर निगम के जी-नॉर्थ वार्ड में आज का कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित किया था। मंत्री ने डिजिटल गुड्डी-गुड्डा बोर्ड का उद्घाटन किया इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आईसीडीएस परिसर में डिजिटल गुड्डी गुड्डा बोर्ड का भी उद्घाटन किया। बोर्ड का काम बेटी बचाओ बेटी पढाओ पहल के तहत जन्म के आंकड़ों को अद्यतन, करना उनकी निगरानी रखना और उन्हें उपलब्ध कराना है।यह योजना पर सूचना और शैक्षिक सामग्री को प्रदर्शित करते हुए सूचना देने तथा इस काम की हिमायत करने के एक माध्यम के रूप में भी काम करता है। बोर्ड एक तरह का डिजिटल नवाचार है, जिसकी कल्पना महाराष्ट्र के जलगांव जिले द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत की गई।



कर्नाटक- नगर निगमों के चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन सराहनीय : नड्डा

नई दिल्ली (ए)। कर्नाटक के नगर निगमों के चुनाव में भाजपा की शानदार जीत की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने प्रशंसा की और पिछले चुनावों के मुकाबले 'बड़ी जीत' हासिल करने पर मुख्यमंत्री बीएस बोम्मई सहित प्रदेश भाजपा नेतृत्व को बधाई दी। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-हितैषी नीतियों की बदौलत हमने पहली बार बेलगावी नगर निगम में जीत हासिल की। यह गर्व की बात है कि हुबली-धारवाड़ में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है और कलबुर्गी नगर निगम में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है।' उन्होंने बोम्मई, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कटील और कार्यकर्ताओं को पिछले चुनावों के मुकाबले बड़ी जीत दर्ज करने पर बधाई दी। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा ने तीन नगर निगमों के लिए हुए चुनावों में दो जगह- बेलगावी और हुबली-धारवाड़ में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया, वहीं कलबुर्गी में पार्टी दूसरे स्थान पर रही। इन निकायों के लिए चुनाव तीन सितंबर को हुए थे और उनके नतीजे सोमवार को घोषित किए गए।

सड़क के बुनियादी ढांचे का विकास पहले से कहीं ज्यादा तेज, सुरक्षित और टिकाऊः मंत्री गडकरी

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सड़क का बुनियादी ढांचा पहले से कहीं ज्यादा तेज, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ हो रहा है। उन्होंने मंत्रालय एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि हमारा साझा लक्ष्य देश की सेवा में विश्व स्तरीय सड़क अवसंरचना प्रदान करना है। श्री गडकरी ने सड़क डिजाइन और निर्माण, पर्यावरण के अनुकूल सड़कों के निर्माण, औद्योगिक पूरक दृष्टिकोण, सुरक्षा के लिए नई तकनीकों, तेज और किफायती निर्माण में सुरक्षा के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के दृष्टिकोण पर जोर दिया। गडकरी ने कहा कि 11,000 करोड़ रुपये के निवेश से 313 किलोमीटर लंबा राजमार्ग, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है और मार्च 2022 तक इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

अभिनेता रजत बेदी के खिलाफ मामला दर्ज, राह चलते व्यक्ति को कार से मारी टक्कर

मुंबई (ए)। अभिनेता रजत बेदी के विरुद्ध डीएन नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिनेता पर एक व्यक्ति को गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप लगा है। घायल व्यक्ति को कूपर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। एक्टर ने खुद बताया कि उन्होंने अपनी गाड़ी से शख्स को टक्कर मार दी। जत बेदी के खिलाफ डीएन नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया जा चुका है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात एक्टर रजत बेदी अंधेरी में कथित तौर पर एक शख्स को अपनी कार से टक्कर मार दी।

भारतीय नौसेना देश के कोविड आउटरीच कार्यक्रम का एक प्रमुख साधन रही : राष्ट्रपति कोविंद

नई दिल्ली (ए)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि भारतीय नौसेना ने सभी क्षेत्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मित्रों और भागीदारों के साथ हमारे राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। ऑपरेशन समुद्र सेतु और मिशन सागर जैसे अभियानों के साथ, भारतीय नौसेना देश के कोविड आउटरीच कार्यक्रम का एक प्रमुख साधन थी जिसने हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे समुद्री पड़ोसियों और भागीदारों को सहायता प्रदान की। संकट के समय में भारतीय नौसेना की त्वरित और प्रभावी तैनाती ने हिंद महासागर क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता होने के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया है। राष्ट्रपति आज गोवा में आईएनएस हंस में भारतीय नौसेना विमानन को प्रेसिडेंट्स कलर यानी राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करने के अवसर पर बोल रहे थे। राष्ट्रपति ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए भारतीय नौसेना उड्डयन के सभी अधिकारियों और नाविकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज प्रस्तुत किया गया ध्वज शांति और युद्ध में राष्ट्र को प्रदान की गई असाधारण सेवा की मान्यता है। राष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि भारतीय नौसेना विमानन ने कई मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों के माध्यम से योगदान दिया है, जिसके दौरान इसने साथी नागरिकों को राहत प्रदान की है। मई 2021 में चक्रवात ताउते के दौरान मुंबई में चलाया गया बचाव अभियान एक मिसाल है। हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों के कई लोगों को महत्वपूर्ण सहायता भी प्रदान की है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना ने सक्रिय रूप से स्वदेशीकरण किया है जो इसकी वर्तमान और भविष्य की अधिग्रहण योजनाओं में अच्छी तरह से परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुसरण में, भारतीय नौसेना उड्डयन ने भी मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप लगातार प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विमानन प्रौद्योगिकी में शानदार प्रगति के साथ, आधुनिक, अत्याधुनिक स्वदेशी, हथियार, सेंसर और डेटा लिंक सूट के साथ नौसेना के विमान स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित उन्नत हल्के हेलीकाप्टरों के साथ-साथ डोर्नियर और चेतक विमानों को हाल ही में शामिल किया गया है जो रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता की ओर आगे बढ़ने के हमारे प्रयासों को उजागर करता है।

सत्ता में आए तो ब्राह्मणों को दिलाएंगे सम्मान, हर विधानसभा में नियुक्त करेंगे 1000 ब्राह्मण कार्यकर्ता : मायावती

लखनऊ (ए)। 23 जुलाई को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शुरू हुई प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। उन्होंने कहा कि दलित ब्राह्मण गठजोड़ सत्ता में पहुंचने की चाबी है। उन्होंने कहा यदि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य में बसपा की सरकार बनी तो ब्राह्मणों को उनका स्थान दिलाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा और अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। मायावती ने कार्यकर्ताओं से हर विधानसभा क्षेत्र में एक हजार ब्राह्मण कार्यकर्ताओं को जोड़ने का टारगेट दिया है। इसके साथ ही उन्होंने 2007 की तरह ही 2022 में पूर्ण

बहुमत की सरकार बनाने के लिए युद्धस्तर पर जुटने का आह्वान किया। मायावती ने वादा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अगर सत्ता में आती है, तो ब्राह्मणों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

मायावती ने कहा कि आज ब्राह्मण इस बात से सहमत है कि बसपा के शासन काल में ब्राह्मणों स्थिति आज की भाजपा सरकार से कहीं ज्यादा बेहतर थी। उन्होंने दावा किया कि इस ब्राह्मण बसपा के साथ आ रहा है और हम 2022 में सरकार बनाने जा रहे हैं। मायावती ने कहा कि आज भी लोग बसपा के सुशासन को याद करते हैं। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज किसी के बहकावे में नहीं आए। बसपा की सरकार बनते ही उन्हें यथोचित सम्मान मिलेगा। मायावती ने कहा कि दलित वर्ग के लोगों पर शुरू से गर्व रहा है कि उन्होंने बिना गुमराह हुए या किसी तरह के बहकावे में आए, कठिन से कठिन दौर में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ा। ये लोग हमेशा मज़बूत चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। बसपा देश की अकेली पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं रहा है। यही बसपा की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि चार बार सरकार बनी और चला कर दिखाई है। सभी जाति का सम्मान और तरक्की पर पूरा ध्यान दिया है।

केंद्र का छात्रों की परेशानी पर ध्यान नहीं, स्थगित की जानी चाहिए नीट परीक्षा : राहुल

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों की परेशानियों की ओर से आंखें मूंदें हुए हैं और नीट परीक्षा को स्थगित करने से इनकार कर रही है। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 12 सितंबर को आयोजित की जानी है।

एक संक्षिप्त ट्वीट में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लिखा भारत सरकार को छात्रों की परेशानी नहीं दिख रही है। नीट परीक्षा को स्थगित करिए। छात्रों को निष्पक्ष मौका दीजिए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) को टालने से सोमवार को इनकार करते हुए कहा कि वह

प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता और इसकी तारीख में बदलाव करना 'अनुचित' होगा। नीट-यूजी 12 सितंबर को होनी है। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि यदि छात्र कई परीक्षाओं में बैठना चाहते हैं तो उन्हें प्राथमिकता तय करनी होगी और अपना विकल्प चुनना होगा क्योंकि ऐसी स्थिति तो कभी नहीं हो सकती जिसमें परीक्षा की तारीख से हर कोई संतुष्ट हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र हैं और इस बारे में कानून के अनुरूप जल्द फैसला लिया जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता शोएब आलम से पीठ ने कहा आप जो दलीलें दे रहे हैं, हो सकता है कि वे 99 फीसदी उम्मीदवारों के लिए प्रासंगिक नहीं हों। एक फीसदी उम्मीदवारों के लिए पूरे तंत्र को रोका नहीं जा सकता।

जनभागीदारी फिर से भारत की राष्ट्रीय विशेषता बनती जा रही है: पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक पर्व के पहले सम्मेलन को संबोधित किया।उन्होंने भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश (श्रवण बाधितों के लिए ऑडियो और पाठ आधारित सांकेतिक भाषा वीडियो, ज्ञान के सार्वभौमिक डिजाइन के अनुरूप), बोलने वाली किताबें (टॉकिंग बुक्स, नेत्रहीनों के लिए ऑडियो किताबें), सीबीएसई की स्कूल गुणवत्ता आश्वासन और आकलन रूपरेखा,निपुण भारत के लिए 'निष्ठा' शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और विद्यांजलि पोर्टल (विद्यालय के विकास के लिए शिक्षा स्वयंसेवकों/ दाताओं/ सीएसआर योगदानकर्ताओं की सुविधा के लिए) का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कठिन समय में देश के छात्रों के भविष्य के प्रति शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक पर्व के अवसर पर कई नई योजनाएं शुरू की गई हैं। ये महत्वपूर्ण भी हैं, क्योंकि देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और आजादी के 100 साल बाद भारत कैसा होगा, इसके लिए नए संकल्प ले रहा है। प्रधानमंत्री ने महामारी की चुनौती का सामना करने के लिए छात्रों, शिक्षकों और पूरे शैक्षणिक समुदाय की प्रशंसा की और उनसे कठिन समय का मुकाबला करने के लिए विकसित की गयी क्षमताओं को और आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ॰यदि हम परिवर्तन के दौर में हैं, तो सौभाग्य सेहमारे पास आधुनिक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के

निर्माण और उसके क्रियान्वयन में हर स्तर पर शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी से इस भागीदारी को एक नए स्तर पर ले जाने और इसमें समाज को भी शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में ये बदलाव न केवल नीति आधारित हैं बल्कि भागीदारी आधारित भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास के देश के संकल्प के लिए विद्यांजलि 2.0 एक मंच की तरह है। इसके लिए समाज में, हमारे निजी क्षेत्र को आगे आना होगा और सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान देना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जनभागीदारी फिर से भारत का राष्ट्रीय चरित्र बनती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में जनभागीदारी के सामर्थ्य के कारण ही भारत में बहुत से ऐसे कार्य हुए हैं, जिनकी पहले कल्पना करना कठिन था। उन्होंने कहा कि जब समाज मिलकर कुछ करता है, तो वांछित परिणाम सुनिश्चित होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में युवाओं के भविष्य को आकार देने में सभी की भूमिका है। उन्होंने हाल ही में संपन्न ओलंपिक और पैरालंपिक में देश के एथलीटों के शानदार प्रदर्शन को याद किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान कम से कम 75 स्कूलों का दौरा करने के उनके अनुरोध को एथलीटों ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को प्रेरणा मिलेगी और कई प्रतिभाशाली छात्रों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए शिक्षा न केवल समावेशी होनी चाहिए बल्कि समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल डिजिटल आर्किटेक्चर अर्थात एन-डियर शिक्षा में असमानता को खत्म करके उसे आधुनिक बनाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे यूपीआई इंटरफेस ने बैंकिंग सेक्टर को क्रांतिकारी बनाने का कार्य किया है।



जिला प्रशासन और पुरातत्व विभाग की लापरवाही

शिवपुरी।

जिले के रऩौद स्थित प्राचीन खोकई मठ को जाने वाले रास्ते की हालत इन दिनों खराब है। यहां पर मठ को जाने वाला रास्ता इतना खराब है कि आपको कीचड़ भरे रास्ते से जाना पड़ेगा, रऩौद से अंदर करीब डेड़ किमी तक आपको पैदल जाना पड़ेगा साथ ही कीचड़ और नालों से गुजरकर मठ तक पहुंचना होगा। जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी दूर रऩौद में यह मठ है। जिले में पर्यटन को बड़ावा देने की बड़ी-बड़ी बातें नेताओं व प्रशासनिक अफसरों द्वारा की जाती हैं। लेकिन प्राचीन खोकई मठ को जाने वाला बदहाल रास्ता यह बताता है कि यहां पर बातें खूब हुईं लेकिन काम कुछ नहीं हुआ।

9वी और 10 वीं शताब्दी का बना है मठ

रऩौद के प्राचीन खोकई मठ के निर्माण की खासियत यहाँ हैं कि बड़े-बड़े पत्थरों को खंड़ों का उपयोग किया गया है,जो कि बिना किसी गारे से जुड़े हुए हैं। मठ की छत बनाने के लिए पत्थर की बड़ी-बड़ी पटियों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें खुला आंगन है, जिसके चारों ओर बरामदा है तथा इससे लगे हुए कमरे बने हैं। कदवाया,सुरवाया तथा तेरही के मठों की तरह इस मठ का निर्माण भी 9वी और 10 वीं शताब्दी के दौरान शैव मत अनुयायियों के निवास हेतु किया गया था।

पर्यटकों में नाराजगी

प्राचीन खोकई मठ केंद्रीय संरक्षित इमारत है। इसके रखरखाव की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाती है। इसके बाद भी यहां पर इस प्राचीन मठ को जाने वाले दो किमी के रास्ते की हालत खराब होने पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने कोई गौर नहीं किया। शिवपुरी के वरिष्ठ लेखक प्रमोद भार्गव ने बताया कि इस मठ का निर्माण 9वी और 10 वीं शताब्दी के दौरान शैव मत अनुयायियों ने किया। इस मठ का ऐतिहासिक महत्व है। इसके बाद भी यहां तक जाने वाले रास्ते की हालत खराब है। यह प्रशासनिक लापरवाही का नमूना है। लेखक डॉ अजय खेमरिया ने कहा कि हम मप्र में पर्यटन को बड़ावा देने की बातें करते हैं। लेकिन ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व के स्थलों की ओर जाने वाले रास्तों पर भी प्रशासन का कोई ध्यान नहीं दे रहा। पर्यटक अतुल गौड़ और तीर्थराज भारद्वाज ने मांग की है कि यहां पर आवागमन के साधन बनाए जाएं साथ ही साइनेज बोर्ड लगाए जाए। जिससे बाहर से आने वाले पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें।

अन्नोत्सव के तहत 16 हजार से अधिक हितग्राहियों को किया खाद्यान्न वितरण

शिवपुरी।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराने के लिए अन्न उत्सव का आयोजन किया गया। अन्न उत्सव में जिले में 16,000 से अधिक हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर समारोह के रूप में अन्न उत्सव मनाया गया। जिले की 536 शा.उचित मूल्य की दुकानों पर नोडल अधिकारियों एवं निगरानी समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अन्ऱ्न उऱ्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान 16 हजार 432 हितग्राहियों को थैले में भरकर खाद्यान्न एवं सितम्बर माह में जारी नवीन पात्रता पर्ची का वितरण भी किया गया। शहर के वार्ड क्रमांक 8 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आयोजित अन्न उत्सव में विधायक वीरेंद्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष राजू बाथम संगठन मंत्री श्री आशुतोष तिवारी एसडीएम और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। उन्होंने हितग्राहियों को राशन वितरण किया। इसी प्रकार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन किया गया।

सहारा इंडिया वालों से ढाई सौ करोड़ वापस दिलवा दो साहब

शिवपुरी। मंगलवार को कलेक्टेट पर करीब डेढ सैकड़ा से अधिक लोग पहुंचे। और हंगामा किया। यह लोग वह थे जिन्होंने सहारा इंडिया में अपना पैसा निवेश किया था। और उनके निवेश किए हुए रुपए वापस नहीं मिले। मामले को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन दिया और अपने रूपए वापस मांगे। निवेशकों का कहना हैं कि शिवपुरी जिले की शाखा में लगभग ढाई सौ करोड़ रूपया निवेशकों का जमा है। जो बीते 5 सालों से नहीं मिला जहाँ मामले को लेकर रिपोर्ट भी दर्ज करवाई लेकिन पुलिस और शासन प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की अब सहारा इंडिया ऑफिस वाले अपनी ब्रांच को समेट कर भोपाल इंदौर ले जाने के विचार में है। साहब हमारा रुपया कंपनी से दिलवाने की मदद करें। ज्ञापन देने वालों में नीरज शर्मा, शोभित रस्तागी, दीपक, दीपक जैन, लालसिंह, राकेश सेन, बृजेश योगी, बसंत कुमार शर्मा, गोकुल जोशी, गोविंद सेन, संजयसिंह तोमर, संतोष जौशी, राहुल, राजू रजक, श्यामवीर, रहीश खान, सरबानो, परवीन खान आदि शामिल थे।

स्वस्थ माँ से स्वस्थ परिवार बनता है- परियोजना अधिकारी श्रीमती पटेरिया

नेहरू युवा केन्द्र द्वारा पोषण माह पर संगोष्ठी आयोजित

शिवपुरी।

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत संचालित नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आज मंगलवार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रानी धाकड, जूली शाक्य, वंदना धाकड, विनिता लोधी, प्रीति राजपूत, सुरैना दांगी, ह्रदेश शर्मा, दीपक कुशवाह, सीताराम कुशवाह, अविनाश लाक्षाकार, अनुराग पटेरिया, परमाल दांगी, नीरज पाठक, राकेश रावत, शेषनाग सिंह, दिनेश केवट, अमर सिंह आदि उपस्थित थे।महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी नीलम पटेरिया ने कहा कि स्वस्थ माँ से ही स्वस्थ परिवार बनता है। यदि मां शारीरिक रूप से स्वस्थ होगी तो उसके बच्चे भी स्वस्थ होंगे जिससे आगे परिवार भी स्वस्थ बनेगा। हमें हमेशा घर में पोषित आहार ही लेना चाहिए हमें बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। श्रीमती पटेरिया ने कहा कि इस पोषण माह के दौरान कम से स कम 4 बच्चों या महिलाओं को कुपोषण से मुक्त कराने का संकल्प लेना चाहिए।नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम सहायक राजेन्द्र विजयवर्गीय ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी पोषण माह के तहत सम्पूर्ण जिले में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक युवा मण्डल व महिला मंडल व एनवायक्सी के सहयोग से संगोष्ठी, रैली, घर-घर संपर्क आदि कर लोगों को पोषण माह के बारे में बताएंगे। उपनिदेशक एस.एन.जयन्त ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र के सभी स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को कुपोषण के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देकर उन्हें पोषित आहार लेने के लिए प्रेरित करेंगे। श्री जयन्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमारे क्षेत्र में एक भी कुपोषित बच्चा या महिला न हो हम सब मिलकर सरकार के पोषण माह के उद्देश्य को सफल बनाएं। इस अवसर पर अनेक युवा साथियों ने भी विचार व्यक्त किए।

बूढ़ी नानी को नातिन ने पति और देवर के साथ मिलकर पीटा,घर से भगाया जमीन भी हड़पी

शिवपुरी।

जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्राम खुदावली में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला को उसकी नातिन रानो रावत ने अपने पति सुल्तान रावत और दामाद कमलू रावत के साथ मिलकर उसकी मारपीट की और उसे घर से भगा दिया।जहाँ आरोपीगण पीऱ्ित महिला को खाना भी नहीं देते थे। आरोपियों ने वृद्धा की जमीन भी अपने नाम करा कर हड़प ली और उसे बेसहारा छोड़ दिया जहाँ पुलिस ने मामले में नातिन रानो रावत सहित दामाद सुल्तान रावत और कमलू रावत के खिलाफ भादवि की धारा 323, 294, 506, 34 सहित 4/24 अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय कमला रावत पति स्व. रघुवर सिंह रावत के जहां बेटा न होने के चलते उसने अपनी नातिन रानो रावत को ही अपना बेटा मान लिया था। और उसका विवाह सुल्तान रावत से कर दिया और सुल्तान अपने भाई कमलू रावत को लेकर नानी सास के यहाँ रहने लगा। आरोपियों ने पीड़िता की जमीन को हऱ्पकर अपने नाम करा लिया और जमीन नाम होते ही आरोपियों ने कमलाबाई को खाना देना बंद कर दिया और तरह-तरह के ताने देने लगे। बीती रोजआरोपी सुल्तान रावत और उसकी पत्नी रानो रावत और भाई कमलू रावत ने वृद्धा को खाना पीना न देकर उसकी मारपीट कर उसे धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया और जबरन घर पर कब्जा कर लिया। जहाँ आरोपियों ने वृद्धा महिला को बेसहारा छोड़ दिया और उसे धमकी दी कि अगर वह इधर नजर भी आई तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह समिति का पुरस्कार वितरण आज

शिवपुरी। श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह समिति का पुरस्कार वितरण समारोह आज बुधवार को परिणय वाटिका छत्री रोड पर शाम 7ऱ्00 बजे से आयोजित किए जाएगा। जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष तेजमल सांखला , कार्यकारी अध्यक्ष मनीष जैन व संयोजक रामकृष्ण मित्तल ने बताया कि वर्ष 2019 में आयोजित किए गए श्री गणेश समारोह में श्री गणेश पार्क कस्टम गेट सहित आयोजित की गई सभी प्रतियोगिताओ, चल झांकी, अचल झांकी, डांस, सुंदर मूर्ति, सुंदर विमान सहित कार्यक्रम के प्रायोजकों, खान पान के स्टॉल लगाने वाली समाजसेवी संस्थाओं, निर्णायको को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए मास्क लगाकर अवश्य आए अन्यथा प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। समिति के संयोजक रामकृष्ण मित्तल, अध्यक्ष तेजमल सांखला, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष जैन, सचिव महेंद्र रावत, सिद्धार्थ लढा, मुकेश आचार्य, बृज दुबे, तरुण अग्रवाल, विष्णु सोनी, सचिन सेन, कालूराम शिवहरे, राजीव शर्मा, विजय चौकसे, श्याम बाबू राठौर ने प्रतिभागियों से समय पर पहुचने की अपील की है।

अभिभाषक संघ की राविसेप्रा जबलपुर के द्वारा की गई प्रशंसा

करैरा।

अभिभाषक संघ के द्वारा लगातार लोक अदालतों में सफल बनाए जाने हेतु किए जाने वाले प्रयास एवं अभिभाषक संघ के सदस्यों के सक्रिय सहयोग को देखते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा अभिभाषक संघ की प्रशंसा करते हुए उन्हें दिनांक 02 सितंबर 21 को प्रशंसा पत्र माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश विनोद कुमार के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस अवसर पर प्रशंसा प्रमाण पत्र अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति अतुल सक्सेना के हाथों अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिकरवार, उपाध्यक्ष नवाब सिंह वैश्ले, सचिव रामनरेश तिवारी एवं कार्यकरणी के सदस्य एवं अभिभाषक भरत राम शर्मा, मनीष गुप्ता, एल के चतुर्वेदी, हर्ष वर्धन दुबे, धनंजय पाण्डेय, के साथ साथ उपस्थित अभिभाषकों द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक महेन्द्र सिंह सिकरवार ने पुनः विश्वास दिलाया कि समस्त लोक अदालतों में करैरा अभिभाषक संघ की ओर से सदैव सकरात्मक सहयोग प्राप्तत होता रहेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश विनोद कुमार के द्वारा अभिभाषक संघ करैरा के प्रयास एवं सफलता अर्जित किये जाने पर अर्जित प्रशंसा पत्र पर उनके मुक्त कंठ से प्रशंसा कर आगामी लोक अदालत 11 सितम्बर 2021 शनिवार मे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की । न्यायालय की ओर से अपर जिला न्यायाधीश शैलजा गुप्ता, मजिस्ट्रेट एम.के.वर्मा, ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, दयाल सिंह सूयर्वंशी, मोनिका यादव के द्वारा भी अभिभाषक संघ की सफलता पर हर्ष प्रकट किया गया।

वर्षो से अपनो की वाट जोह रहे अस्थि कलशों को शिवपुरी के जय माई सेवा एनजीओ ने किया गंगा में विसर्जन

शिवपुरी। शहर के मुक्तिधाम में कई ऐसे लोग जिनका अंतिम संस्कार कराकर उनकी अस्थियों को विसर्जित करने वाला जब कोई नहीं मिला। तो ऐसी अस्थियों को समाजसेवी संस्था %जय माई मानव सेवा समिति% शिवपुरी ह्लह्ल की ओर से आगे आकर पहल की गई। ऐसी लगभग 13 अस्थि कलश मुक्तिधाम में मिली। जिन्हें बीते 2 से 3 वर्षो के बीच कोई लेकर नहीं गया। ऐसे में %जय माई मानव सेवा समिति% शिवपुरी ह्लह्ल के द्वारा पहल करते हुए। अपनी संस्था के पदाधिकारियों विकास अग्रवाल विक्की व रूपेश अग्रवाल के साथ मिलकर हरिद्वार गंगा में अस्थियों का विसर्जन किया गया।

%जय माई मानव सेवा समिति% शिवपुरी ह्लह्ल के द्वारा बकायदा हरिद्वार गंगा घाट पर पहुंचकर इन सभी 13 अस्थियों के विसर्जन का पिण्डदान वहां मौजूद ब्राहाणजन द्वारा कराया गया। ताकि ऐसे मत आत्माओं की आत्मा को शांति मिले। इन दौरान अस्थियां विसर्जन के पश्चात उपस्थितजनों के दरा ईश्वर से मत देह की आत्म शांति हंतु प्रार्थना भी की गई। अंत में सभी ने पवित्र गंगा में स्नान कर अपने गतंव्य की ओर रवानगी दी।

अटेर रोड़ न्यू रेल्वे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज नहीं, नित्य लगता है जाम, घण्टों खड़े रहते हैं वाहन स्वामी

ओवर ब्रिज बनाने के लिए समाजसेवी संगठनों ने पूर्व से लेकर वर्तमान साँसदों को कई बार सौंप चुके हैं माँग पत्र, लेकिन स्थिति जस की तस

भिण्ड। जिले का अति व्यस्तम मार्ग भिण्ड वाया मुरलीपुरा अटेर, वैसे इस मार्ग से सरहदी राज्य राजस्थान व उत्तरप्रदेश की सीमा में प्रवेश करने में सबसे कम समय लगता है, लेकिन अटेर रोड़ पर रेल्वे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज न बनने से ट्रेन गुजरने से ठीक दस मिनिट के लगभग पहले फाटक डालकर आवागमन रोका जाता है, जब तक ट्रेन गुजर नहीं जाती तब तक दोनो तरफ से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, और रेलवे पुलिस की ढुलमुल रवैया से पहले निकलने की चाहत में बड़ा जाम नित्य लगता रहता है, जिससे कोरोना काल में बीमार पड़े लोगों को तत्काल इलाज लेना हो तो ट्रेन के समय इस मार्ग से न आने में बड़ी परेशानी खड़ी होती है। जानकारी के अनुसार कई बार ओवर ब्रिज बनने को लेकर समाजसेवी संगठनों ने पूर्व से लेकर वर्तमान साँसदों एवं मंत्रियों को माँग पत्र सौंपकर जल्द ओवर ब्रिज बनाने की माँग समय-समय पर करते रहे हैं, लेकिन राजनीति कहूँ या फिर रेलवे प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते अटेर के बाँशिंदों को इस मुसीबत से लडऩा-झगडऩा पड़ रहा है। बरसात की उमसभरी गर्मी में लोग जाम से हर रोज परेशान हैं,यह केवल एक दिन या एक घण्टा की बात नहीं हैं, प्रायः सभी दिन इस प्रकार का नजारा देखने को मिलता है, काफी महत्वपूर्ण पथ होने के बाबजूद इस मार्ग पर ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किराया जा सका है। जिसके चलते इस रास्ते में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बताना मुनासिब होगा कि इस रेलवे क्रॉसिंग के रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा समेत अन्य वाहनों का आवागमन होता है। ओबर ब्रिज नहीं बनने के कारण इस रास्ते से गुजरने वाले वाहनों को ट्रेन गुजरने के वक्त घण्टों जाम में फँसा रहना पड़ता है।

लाखों की संख्या में सफर करते हैं यात्री

इस रास्ते से वैसे अटेर विधानसभा के सैकड़ो गाँव के निवासी हर रोज जिनमें अटेर तहसील का तमाम सरकारी अमला के साथ-साथ मसूरी गाँव, सुरपुरा, जम्होरा, अटेर, पिथनपुरा, पावई आदि पाँच सौ से अधिक गाँव के निवासी लाखों की संख्या में यात्री वाहन सफर करते हैं, जब फाटक पड़ा होता है, तो यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने में पसीना छूट जाता है।

जाम खुलवाने का काम रेवले पुलिस का, लेकिन पुलिस स्टेशन तक अपने वेंवर तक ही सीमित

ट्रेन गुजर जाने के बाद लगा लंबा जाम खुलवाने का काम वैसे रेल्वे पुलिस का होता है, लेकिन रेल्वे पुलिस आज तक इस क्रॉसिंग पर नहीं आई, सिर्फ और सिर्फ स्टेशन और थाना परिसर में ही बैठे-बैठे गपशप उड़ाते देखे जा सकते हैं। यात्री यहाँ तक कहते नजर आते है, रेलवे पुलिस के दो जवान ट्रेन गुजरने के वक्त क्रॉसिंग पर खड़े हो जायें तो शायद जाम न लगे और बड़े आराम से सभी वाहन एक-एक करके गुजर जायें, लेकिन रेलवे पुलिस इस जाम को तमाशा बनाकर देखने में मद मस्त है।

रैकी लगाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

चोरी का माल मशरूका सहित चोर गिरफ्तार

भिण्ड। देहात थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है, जिनसे तीन चोरियों का खुलासा होने के साथ ही चुराया गया माल भी बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि क्षेत्र में घटित चोरी की वारदातों में संलिप्त तीन शातिर चोर इलाके में देखे गए हैं। इस पर रामबाबू यादव ने एसआई विजय शिवहरे सहित अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर दबिश दी, तो वहां मौजूद तीन युवक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पहले से ही मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर धरदबोचा। पुलिस द्वारा पकड़े गए युवकों को थाने लाकर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल किया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी इशाक खान पुत्र चुन्नी खान निवासी महावीर नगर भिण्ड, देनी उर्फ सबुद्दीन खान पुत्र खिलाडी खान निवासी महावीर नगर, भूरे खान पुत्र शहजाद खान निवासी ग्राम बारह थानां असवार हाल ग्राम बरेटा थानां महाराज पुरा ग्वालियर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

यह माल हुआ बरामद

पुलिस द्वारा पकड़े गए नकबजनों की निशानदेही पर चुराए गए सोने के दो मंगलसूत्र, चांदी की करधोनी, तीन जोड़ी पायल, सोने की बाली बरामद कर ली हैं। तीनो आरोपी बेहद शातिर हैं, जिनसे पुलिस द्वारा अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

कलेक्टर एवं एसपी ने सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर में किया पौधारोपण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के महत्व का संदेश दिया।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पौधारोपण के महत्व का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण वास्तव में एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर मनुष्य को करना चाहिये। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने जीवन में कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो वृक्षारोपण अवश्य करें वृक्षारोपण एक बार किया जाता है लेकिन उससे हमें फल, फूल एवं छाया कई वर्षों तक मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए एवं दूसरों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यदि आप एक पौधा लगा रहे हैं तो अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित कर रहे हैं उन्होंने जिले के नागरिकों से आग्रह किया सभी संकल्प लें कि अपने जन्म दिन पर कम से कम एक वृक्ष लगायेंगे एवं अगले पाँच जन्म दिनों तक बच्चों की तरह उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम गोहद शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कंपनी स्टॉफ ने भी पौधारोपण किया।

महिला परिवार परामर्श थाने में दंपत्ति को मिलाया

भिण्ड। जिले का महिला अपराध में समझौते एवं अपराध की सक्रिय खोज कर दोषियों पर मामला पंजीबद्ध करने में महिला परिवार परामर्श थाना प्रदेश में बढ़ते हुए ग्राफ में गिना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, डीएसपी पूनम थापा के मार्ग दर्शक में थाना प्रभारी रक्षा जैन के द्वारा काफी दूर दराज से आने बाले लोगो की फरियाद सुनकर उनके पारिवारिक विवाद का समझौता कराया जाता है, जिसमें डीएसपी पूनम थापा के द्वारा दोनो परिवार के लोगो की बात सुनकर उचित संविधान की बात को बताकर उनके समझौते कराये जाते है ओर जो जाँच में दोषी पाया जाता है ऐसे लोगो पर सख्ती से कार्यवाही भी की जाती है। डीएसपी पूनम थापा पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहती है और गरीब बेटियो की मदद के साथ साथ उनके दांपत्य जीवन को भी जोड़ने का कार्य कर रही है। ऐसा ही मामला बीते मंगलवार को भिण्ड शहर के महिला परामर्श केंद्र में आया। जिसमे दोनो पति पत्नी का पारिवारिक विवाद समाप्त कर एक दूसरे को एक साथ सुख दुख बांटने की शपथ से जोड़ा गया और एक दूसरे का माला पहनाकर समझौता कराया।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दंदरौआधाम एवं मालनपुर नाके पर बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का किया निरीक्षण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने दंदरौआ धाम एवं मालनपुर नाके पर बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही कोविड-19 टीकाकरण कार्य की प्रगति और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने दंदरौआ धाम में आने जाने वाली बसों, टैक्सी ड्रायवरों, दो पहिया में सवार लोगों तथा वाहन चालकों के टीकाकरण का स्वयं परीक्षण किया तथा उन्हें टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर टीकाकरण के फायदे बताते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण के दोनों डोज लगवाना आवश्यक है इस महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण ही संजीवनी का कार्य करेगी। इसलिए कोविड 19 से बचने के लिए सभी लोग टीकाकरण कराएं, तभी हम परिवार, समाज, जिला एवं प्रदेश को सुरक्षित रख पाएंगे।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए एक डोज काफी नहीं है। पहली डोज लगने के बाद दूसरी डोज लगवाना भी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिले में बहुत लोगों को पहला डोज लगना बाकी है। इसलिए पहला डोज लगवाने के लिए सभी लोग अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाएं। इस दौरान एसडीएम मेहगांव केवी विवेक, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अनियंत्रित वाहन चालकों पर मेहरबान पुलिस, रोज होती एक्सीडेंट से गायों की मौत, नहीं होती कार्रवाई

घायल गायों का उपचार करने नहीं पहुंचते डॉक्टर जानकारी मिलने पर निजी खर्चे से दवाइयां लेकर पहुंचते संतोष चौहान

भिण्ड। लहार अनुभाग में अनियंत्रित वाहन चालक आए दिन गायों को टक्कर मारकर घायल करते रहते हैं कई गायों की मौके पर ही मौत हो जाती है और कई घायल गाय घटनास्थल पर ही घायल अवस्था में भूख प्यास इलाज के अभाव में तड़प तड़प कर मर जाती हैं लहार विधानसभा में यह सिलसिला पिछले कई सालों से निरंतर चल रहा है और हजारो गोवंश वाहन दुर्घटना भूख प्यास बीमारी के कारण मौत का शिकार बन चुका हैं आश्चर्य की बात यह है कि भिंड, भांडेर हाईवे रोड पर गुजरते शासन के वरिष्ठ अधिकारी रोड किनारे डली तड़पती घायल गायों को देखकर मुंह मोड़ के निकल जाते हैं अनियंत्रित वाहन चालक इतने बेखौफ हैं कि पुलिस थाने के सामने भी गाय को कुचलने से भी नहीं हिचकीचाहते प्रशासनिक स्तर पर बीमार घायल गायों के चारे पानी उपचार की व्यवस्था का प्रबंध कहीं देखने को नहीं मिलता लहार नगर के गौ रक्षक एकमात्र समाजसेवी संतोष चौहान को जहां भी किसी गाय के बीमार घायल होने की जानकारी मिलती है तो वह अपने निजी खर्चे से उपचार सामग्री लेकर पहुंचते हैं और घायल गाय का उपचार करते हैं आज अनियंत्रित वाहनों की टक्कर की दो घटनाओं से यह प्रमाणित हुआ कि प्रशासन अनियंत्रित वाहन चालकों को खुला संरक्षण दे रहा है एक घटना सुबह 6:बजे लहार थाने के ठीक सामने की है अनियंत्रित वाहन चालक गाय को टक्कर मारकर पुलिस के सामने बेखौफ होकर गुजर जाता है संतोष चौहान मौके पर पहुंचकर उसका प्राथमिक उपचार करते हैं दूसरी घटना सुबह 8 बजे के लगभग एकमिली मोड़ डायल हंड्रेड कंट्रोल सेंटर पर होती है यहां भी एक अनियंत्रित वाहन चालक गाय को जबरदस्त टक्कर मारकर घायल कर देता है रक्षा गुजरते गौ भक्त देवेंद्र कौरव प्रशासन को सूचना देते हैं लेकिन उपचार के लिए कोई नहीं पहुंचता जानकारी मिलने पर संतोष चौहान पहुंचते हैं लेकिन जब तक गाय तड़प तड़प कर दम तोड़ चुकी होती है आए दिन ऐसी घटनाएं घटित होती रहती है संतोष चौहान द्वारा हर संभव गोरक्षा का प्रयास 24 घंटे निरंतर जारी रहता है लेकिन अपने कर्तव्य से विमुख प्रशासन एवं सरकार के लोगों ने कभी समाजसेवी संतोष चौहान का सहयोग नहीं किया यही कारण है कि गौ सेवा के लिए लोग आगे आते हैं और समाज एवं सरकार प्रशासन का सहयोग ना मिल पाने के कारण कुछ दिन बाद शांत होकर बैठ जाते हैं प्रशासन सरकार एवं समाज के वरिष्ठ लोगों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए गौ भक्तों का सहयोग करना चाहिए गो दुर्दशा के समाधान के समुचित प्रबंध करवाना चाहिए।

थाने से 500 मीटर दूर पर फिर दिया चोरी की घटना को अंजाम

भिण्ड। गोरमी नगर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही है चोरों ने नगर की थाना रोड़ पर पिछले सप्ताह ही पत्तल व्यापारी मूलचन्द गुप्त के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया था लेकिन पुलिस उसका तो पता नही लगा पाई जिससे चोरो के हौसले बुलन्द हो गये और चोरो ने फिर से थाना रोड़ स्थित कानिया क्लिनिक को अपना निशाना बना लिया। जानकारी के अनुसार डॉ डी सी कानिया क्लिनिक पर सोमबार, की रात चोर क्लीनिक का पीछे का गेट तोड़कर क्लीनिक में घुसे और गुल्लक में रखे 20 हजार के लगभग नगदी ले गये जब डॉक्टर ने मंगलवार को सुबह जब क्लीनिक खोला तो देखा कि पीछे के गेट टूटे हुए है और गुल्लक से पैसे गायब हो चुके है जिसकी सूचना डॉक्टर ने पुलिस थाने में दी पुलिस ने मौके पर आकर शिनाख्ती की ओर फरियादी से आवेदन लेकर चोर की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन चोरी की बढ़ती घटनाओं से जहाँ आमजन में बेहद गुस्सा है तो दूसरी तरफ पुलिस के लिये इन चोरो को पकड़ना एक बड़ा चैलेंज हो गया।

14 बिजली ट्रांसफार्मरों में भड़की आग, दमकल ने पहुंचकर पाया काबू

लहार क्षेत्र के सब डिवीजन परिसर में अज्ञात कारणों से लगी आग, पुलिस मामले की जांच में जुटी

भिण्ड। लहार में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सब डिवीजन परिसर में रखे 14 ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क गई, जब कंपनी के कर्मचारियों ने आग की लपटें ट्रांसफार्मरों से उठती हुई देखी तो इसकी सूचना तुरंत दमकल को दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग का कारण फिलहाल पता नहीं लग सका है। आग लगने की सूचना पर दमकल की गाडियों ने पानी फेंककर आग पर काबू पा गया है। घटना के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी लहार पहुंचे, जिन्होंने घटना स्थल का बारीकी से जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार करने में जुटे गये हैं। बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक हरीश मेहता के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बिजली कर्मचारी अपने अपने काम में व्यस्त थे तभी अचानक सब डिवीजन परिसर में रखे ट्रांसफार्मरों में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख तत्काल नगर पंचायत के दमकल विभाग को सूचना दी गई। करीब बीस मिनट में दमकल कर्मचारी आ गए उन्होंने पानी फेंककर आग पर काबू पाया। यह आग कैसे लगी। इस बात की जानकारी जांच के बाद पता चलेगी।

असुरक्षित जगह पर रखे थे बिजली ट्रांसफार्मर

लहार क्षेत्र के सब डिवीजन पर बिजली अफसरों द्वारा असुरक्षित जगह पर बिजली के ट्रांसफार्मरों का यार्ड बना रखा। यहां मौके पर 18 ट्रांसफार्मर रखे थे जिनमें 14 आग के कारण खराब हो गये। वहीं अन्य 4 को आंशिक नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग की चपेट में आने वाले पांच ऐसे ट्रांसफार्मर थे जो कि अब तक यूज नही हुए थे जिन्हें स्टोर से मंगवाकर रखा गया था। यह यार्ड पूरी तरह असुरक्षित है। इस यार्ड के आस पास बाउंड्रीवाल भी नही है। इस तरह से खुले मैदान में ट्रांसफार्मर रखे हुए है। जहां हर वक्त लोगों की आवाजाही से आम रास्ता बना हुआ है।

दमकल ने बुझाई आग, बिजली कर्मचारियों की जांच

ट्रांसफार्मरों में अचानक लगी आग ने कई सवाल खडे कर दिए। यह आग लगी है या लगाई गई है, बिजली कंपनी के वरिष्ठ अफसर यह बिंदू ध्यान में रखकर जांच की बात कह रहे है। चूंकि लहार सब डिवीजन में घपले घोटाले की खबरें पूर्व से आती रही। इस तरह के मामले को दबाने के लिए।

लहार सब डिवीजन बिजली विभाग में रखे दस ट्रांसफार्मर में लगी आग

भिण्ड। लहार सबडिवीजन में रखने ट्रांसफार्मरों में अचानक से आग की लपटें निकलने लगी। आग लगने से दस ट्रांसफार्मर खराब हो गये। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहंचे। बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक हरीश मेहता के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे बिजली कर्मचारी अपने अपने काम में व्यस्त थे तभी अचानक सब डिवीजन परिसर में रखे ट्रांसफार्मरों में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख तत्काल नगर पंचायत के दमकल विभाग को सूचना दी गई। करीब बीस मिनट में दमकल कर्मचारी आ गए उन्होंने पानी फेंककर आग पर काबू पाया। यह आग कैसे लगी। इस बात की जानकारी जांच के बाद पता चलेगी।

स्टॉक में 18 ट्रांसफार्मर रखे थे जिसमें से 10 जले

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यहां बिजली के ट्रांसफार्मरों का स्टॉक बना रखा। यहां मौके पर 18 ट्रांसफार्मर रखे थे जिनमें 10 आग के कारण खराब हो गये। वहीं अन्य-4 को आंशिक रूप से जले हैं जो यहीं रिपेयर हो जायेंगे। आग की चपेट में आने वाले पांच ऐसे ट्रांसफार्मर थे जो कि अब तक यूज नही हुए थे जिन्हें स्टोर से मंगवाकर रखा गया था।

आग लगने के क्या कारण?

ट्रांसफार्मरों में अचानक लगी आग ने कई सवाल खड़े कर दिए। यह आग लगी है या लगाई गई है? बिजली कंपनी के वरिष्ठ अफसर यह बिंदू ध्यान में रखकर जांच की बात कह रहे है।

चूंकि लहार सब डिवीजन में घपले घोटाले की खबरें पूर्व से आती रही। इस तरह के मामले को दबाने के लिए। ट्रासफार्मर से चोरी होने वाले तेल की घटना छिपने के लिए इस तरह के षड्यंत्र किए जाने से इनकार नही किया जा सकता है। फिलहाल जल्द जांच शुरू होने की बात कही जा रही है।

तालिबानियों और आतंकवादियों के बीच गैंगवार

पराजित अमेरिका ने अफगानिस्तान में एक बार फिर साबित कर दिया है कि हथियारों और पैसों के बल पर कोई युद्ध नहीं जीता जा सकता है। हां फूट डालो और राज करो की नीति हमेशा सत्ता को बरकरार रखने में कारगर साबित होती है, जो जीत की ओर ले जाती है. अमेरिका 20 सालों तक अफगानिस्तान में 70 लाख डॉलर खर्च करने के बाद भी जिन तालिबानियों और आतंकवादियों को नियंत्रित नहीं कर पाया। अब वही तालिबानी और आतंकवादी सत्ता में काबिज होने के लिए कुत्ते-बिल्लियों की तरह लड़ने पर आमादा हैं। मुल्ला बरादर और हक्कानी समूह के आतंकवादी आपस में एक दूसरे को मार रहे हैं। अमेरिका ने जाते-जाते सारे गुटों को हथियारों एवं सत्ता की चाबी का लोभ दिखाकर एक दूसरे के खिलाफ लड़ाकर अपने वर्चस्व को अभी भी बनाए रखा है। पराजित अमेरिका के अफगानिस्तान से पलायन करने के बाद चीन, रूस, पाकिस्तान अफगानिस्तान की प्राकृतिक संपदा पर काबिज होने के लिए आतंकवादी संगठनों के खलीफाओं को आर्थिक एवं सैन्य मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं, जिसके कारण आतंकवादी संगठन कई गुटों में बंट कर सत्ता पर काबिज होने की लड़ाई लड़ रहे हैं। पाकिस्तान भी इस लूट और गेंगवार में शामिल हो गया है। अमेरिका ने पिछले 20 सालों में जिस तरह से अमेरिका से आतंकवादियों में अलगाववाद की जो विष बेल बोई है। उससे अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति, और 14 अगस्त 1947 का वह दिन याद आता है। जब अंग्रेज भारत और पाकिस्तान को हिंदू-मस्लिम और पूर्वी बंगाल-पश्चिमी बंगाल की सीमाओं का बंटवारा कर लड़वाकर भारत छोड़कर चले गए थे। हिंदू और मुस्लिम के बीच विभाजन कराया था। जिस तरह का खूनी रक्त-पात भारत और पाकिस्तान में हुआ था अब लगभग वही स्थिति अफगानिस्तान में देखने को मिल रही है। सत्ता में काबिज होने के लिए सभी आतंकवादी संगठन सत्ता में काबिज होने लड़ रहे हैं। लाखों अफगानिस्तानी अपने देश से निर्वासित होकर शरणार्थी के रूप में दूसरे देशों में शरण लेने को विवश हो रहे हैं। करोड़ों अफगानिस्तानी को लेकर नागरिक अपने जीवन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए विभिन्न मोर्चों पर लड़ने के लिए विवश हैं। अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तरह-तरह की साजिशें रची जा रही हैं। अफगानिस्तान के संसाधनों पर बड़े-बड़े देश जिनमें अमेरिका, रूस, चीन इत्यादि तथा पड़ोसी देश पाकिस्तान की नज़र है। बिल गेट्स सहित दुनिया भर के उद्योगपति भी अफगानिस्तान की इस स्थिति का लाभ उठाकर वहां के संसाधनों को पाने के प्रयास में हैं। वहां लिथियम का बड़ा भंडार है। यही कारण है कि अपने मंसूबे पूरे करने के लिए सभी अफगानिस्तान के नागरिकों के लिए संकट का कारण बन रहे हैं। आतंकवादी संगठनों के हाथ में सत्ता सौंपने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस दौर में तलवार के बल पर सत्ता पर काबिज होने का जो उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबानी सत्ता के रूप में सामने आया है। वह सारी दुनिया के लिए खतरनाक स्थिति का संकेत कर रहा है। ऐसा लग रहा है हम एक बार फिर सैकड़ों वर्ष पुराने बर्बर युग की ओर लौट रहे हैं, जहां आतंक के बल पर सत्ता पर काबिज होने का इतिहास भरा पड़ा है।

नोबल पुरुस्कार सम्मनित एवं भारत रत्न संत मदर टेरेसा

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन
(पुण्य तिथि 5 सितंबर2021)

मदर टेरेसा (26 अगस्त 1910 - 5 सितम्बर 1997) जिन्हें रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा कलकत्ता की संत टेरेसा के नाम से नवाज़ा गया है, का जन्म आन्येज़े गोंजा बोयाजियू के नाम से एक अल्बेनीयाई परिवार में उस्कुब, उस्मान साम्राज्य (वर्तमान सोप्जे, मेसेडोनिया गणराज्य) में हुआ था। मदर टेरसा रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने 1948 में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली थी। इन्होंने 1950 में कोलकाता में मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी की स्थापना की। 45 सालों तक गरीब, बीमार, अनाथ और मरते हुए लोगों की इन्होंने मदद की और साथ ही मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी के प्रसार का भी मार्ग प्रशस्त किया।

1970 तक वे गरीबों और असहायों के लिए अपने मानवीय कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गयीं, माल्कोम मुगेरिज के कई वृत्तचित्र और पुस्तक जैसे समर्थिग ब्यूटीफुल फॉर गॉड में इसका उल्लेख किया गया। इन्हें 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार और 1980 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। मदर टेरेसा के जीवनकाल में मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी का कार्य लगातार विस्तृत होता रहा और उनकी मृत्यु के समय तक यह 123 देशों में 610 मिशन नियंत्रित कर रही थीं। इसमें एचआईवी/एड्स, कुष्ठ और तपेदिक के रोगियों के लिए धर्मशालाएं/ घर शामिल थे और साथ ही सूप, रसोई, बच्चों और परिवार के लिए परामर्श कार्यक्रम, अनाथालय और विद्यालय भी थे। मदर टेरसा की मृत्यु के बाद इन्हें पोप जॉन पॉल द्वितीय ने धन्य घोषित किया और इन्हें कोलकाता की धन्य की उपाधि प्रदान की।

प्रारंभिक जीवन

मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त, 1910 को स्कॉप्जे (अब मेसीडोनिया में) में हुआ था। इनके पिता निकोला बोयाजू एक साधारण व्यवसायी थे। मदर टेरेसा का वास्तविक नाम 'अगनेस गोंझा बोयाजिजू' था। अलबेनियन भाषा में गोंझा का अर्थ फूल की कली होता है। जब वह मात्र आठ साल की थीं तभी इनके पिता का निधन हो गया, जिसके बाद इनके लालन-पालन की सारी जिम्मेदारी इनकी माता द्राना बोयाजू के ऊपर आ गयी। यह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। इनके जन्म के समय इनकी बड़ी बहन की उम्र 7 साल और भाई की उम्र 2 साल थी, बाकी दो बच्चे बचपन में ही गुजर गए थे। यह एक सुन्दर, अध्ययनशील एवं परिश्रमी लड़की थीं। पढ़ाई के साथ-साथ, गाना इन्हें बेहद पसंद था। यह और इनकी बहन पास के गिरजाघर में मुख्य गायिकाएँ थीं। ऐसा माना जाता है कि जब यह मात्र बारह साल की थीं तभी इन्हें ये अनुभव हो गया था कि वो अपना सारा जीवन मानव सेवा में लगायेंगी और 18 साल की उम्र में इन्होंने 'सिस्टर्स ऑफ़ लोरेटो' में शामिल होने का फैसला ले लिया। तत्पश्चात यह आयरलैंड गयीं जहाँ इन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखी। अंग्रेजी सीखना इसलिए जरुरी था क्योंकि 'लोरेटो' की सिस्टर्स इसी माध्यम में बच्चों को भारत में पढ़ाती थीं।

आजीवन सेवा का संकल्प

1981 ई में आवेश ने अपना नाम बदलकर टेरेसा रख लिया और उन्होने आजीवन सेवा का संकल्प अपना लिया। इन्होने स्वयं लिखा है - वह 10 सितम्बर 1940 का दिन था जब मैं अपने वार्षिक अवकाश पर दार्जिलिंग जा रही थी। उसी समय मेरी अन्तरात्मा से आवाज़ उठी थी कि मुझे सब कुछ त्याग कर देना चाहिए और अपना जीवन ईश्वर एवं दरिद्र नारायण की सेवा कर के कंगाल तन को समर्पित कर देना चाहिए।

समभाव से पीड़ित की सेवा

मदर टेरेसा दलितों एवं पीडितों की सेवा में किसी प्रकार की पक्षपाती नहीं है। उन्होनें सद्भाव बढाने के लिए संसार का दौरा किया है। उनकी मान्यता है कि %प्यार की भूख रोटी की भूख से कहीं बड़ी है।% उनके मिशन से प्रेरणा लेकर संसार के विभिन्न भागों से स्वर्ं-सेवक भारत आये तन, मन, धन से गरीबों की सेवा में लग गये। मदर टेरेसा क कहना है कि सेवा का कार्य एक कठिन कार्य है और इसके लिए पूर्ण समर्थन की

आवश्यकता है। वही लोग इस कार्य को संपन्न कर सकते हैं जो प्यार एवं सांत्वना की वर्षा करें - भूखों को खिलायें, बेघर वालों को शरण दें, दम तोडने वाले बेबसों को प्यार से सहलायें, अपाहिजों को हर समय ह्रदय से लगाने के लिए तैयार रहें।

पुरस्कार व सम्मान

मदर टेरेसा को उनकी सेवाओं के लिये विविध पुरस्कारों एवं सम्मानों से विभूषित किया गया है। 1931 में उन्हें पोपजान तेइसवें का शांति पुरस्कार और धर्म की प्रगति के टेम्पेलटन फाउण्डेशन पुरस्कार प्रदान किय गया। विश्व भारती विध्यालय ने उन्हें देशिकोत्तम पदवी दी जो कि उसकी ओर से दी जाने वाली सर्वोच्च पदवी है। अमेरिका के कैथोलिक विश्वविद्यालय ने उन्हे डोक्टोरेट की उपाधि से विभूषित किया। भारत सरकार द्वारा 1962 में उन्हें पद्म श्री की उपाधि मिली। 1988 में ब्रिटेन द्वारा आईर ओफ द ब्रिटिश इम्पायर की उपाधि प्रदान की गयी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने उन्हें डी-लिट की उपाधि से विभूषित किया। 19 दिसम्बर 1979 को मदर टेरेसा को मानव-कल्याण कार्यों के हेतु नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया। वह तीसरी भारतीय नागरिक है जो संसार में इस पुरस्कार से सम्मानित की गयी थीं। मदर टेरेसा के हेतु नोबल पुरस्कार की घोषणा ने जहां विश्व की पीडित जनता में प्रसन्नता का संचार हुआ है, वही प्रत्येक भारतीय नागरिकों ने अपने को गौवान्वित अनुभव किया। स्थान स्थान पर उन्का भव्य स्वागत किया गया। नार्वेनियन नोबल पुरस्कार के अध्यक्ष ज़ोफेसर जान सेनेस ने कलकत्ता में मदर टेरेसा को सम्मनित करते हुए सेवा के क्षेत्र में मदर टेरेसा से प्रेरणा लेने का आग्रह सभी नागरिकों से किया। देश की प्रधानमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मदर टेरेसा का भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत में दिये भाषणों में मदर टेरेसा ने स्पष्ट कहा है कि शब्दों से मानव-जाति की सेवा नहीं होती, उसके लिए पूरी लगन से कार्य में जुट जाने की आवश्यकता है।

संत की उपाधि

09 सितम्बर 2016 को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस ने मदर टेरेसा को संत की उपाधि से विभूषित किया।

आलोचना

कई व्यक्तियों, सरकारों और संस्थाओं के द्वारा उनकी प्रशंसा की जाती रही है, यद्यपि उन्होंने आलोचना का भी सामना किया है। इसमें कई व्यक्तियों, जैसे क्रिस्टोफर हिचन्स, माइकल पर्रेटी, अरूप चटर्जी (विश्व हिन्दू परिषद) द्वारा की गई आलोचना शामिल हैं, जो उनके काम (धर्मान्तरण) के विशेष तरीके के विरुद्ध थे। इसके अलावा कई चिकित्सा पत्रिकाओं में भी उनकी धर्मशालाओं में दी जाने वाली चिकित्सा सुरक्षा के मानकों की आलोचना की गई और अपारदर्शी प्रकृति के बारे में सवाल उठाए गए, जिसमें दान का धन खर्च किया जाता था। कनाडाई शिक्षाविदों सर्ज लारिव, जेनेवीव चेनेई और कैरोल सेनेचल के एक पत्र के अनुसार, टेरेसा के क्लीनिक को दान में लाखों डॉलर मिले, लेकिन दर्द से जूझते लोगों के लिए चिकित्सा देखभाल, व्यवस्थित निदान, आवश्यक पोषण और पर्याप्त एनाल्जेसिक की पर्याप्त मात्रा नहीं थी। इन तीन शिक्षाविदों ने बताया, ÷मदर टेरेसा का मानना था कि बीमार लोगों को क्रॉस पर क्रास्ट की तरह पीड़ा झेलना चाहिए÷। आगे यह कहा गया था कि दान में मिलने वाले अतिरिक्त धन का प्रयोग उन्नत प्रशामक देखभाल (पॉलिटीवे केयर) सुविधाएँ मुहैया कराके शहर के गरीबों का स्वास्थ्य सुधार जा सकता था।

शांति के लिए संतुलन जरूरी है....

अति हमेशा नुकसान दायक है। यह नियम अच्छी और बुरी दोनों आदतों पर लागू होता है। ऋषि-मुनियों ने अति को वर्जित ही बताया है। बुद्ध ने एक शब्द दिया था मंझम मग्न यानी मध्यम मार्ग। जीवन का यह संतुलन उन्हें एक दिन वह सब दिला गया जिसके लिए उनकी पूरी तपस्या थी। अपनी बोध प्राप्त की अवस्था में उनसे एक प्रश्न पूछा गया था जिसका उन्होंने बड़ा सुंदर उत्तर दिया था। किसी का प्रश्न था उनसे अब आपको क्या मिला? क्या वह प्राप्त हो गया जिसके लिए आपके सारे प्रयास थे? बुद्ध ने कहा- नया कुछ नहीं मिला, जो कुछ मेरे पास पहले से था, पाया ही हुआ था, पूर्व उपलब्ध था, उसका ज्ञान हो गया, पता चल गया उसका। वह दौलत अपने ही भीतर थी हम बाहर ढूंढ रहे थे। जिसके कारण बाहर निकला, वो तो मेरे भीतर निकला। हम दो भूलें कर जाते हैं या तो बिल्कुल बाहर संसार पर टिक जाते हैं या एकदम भीतर उतर जाते हैं। ये अतियां हमारे लिए हमारे अध्यात्म की दुश्मन बन जाती हैं। आचार्य श्रीराम शर्मा संसार में संतुलन से चलने के लिए एक अच्छा उदाहरण बताया करते थे। दुनिया में ऐसे चलो जैसे पानी में हाथी चलता है। हाथी जानता है पानी में जल्दबाजी करूंगा तो कीचड़ या गड्ढे में गिर सकता हूं। लिहाजा आगे और पीछे के पैर रखने में वह गजब का संतुलन बनाता है। बस, ऐसा ही संतुलन हमें बाहर और भीतर की यात्रा में रखना होगा। जैसे ही हम संतुलन में आते हैं हमारी अंतर दृष्टि स्पष्ट हो जाती है और हम स्वयं को पहचान जाते हैं। स्वयं को जानते ही परमात्मा दिख जाता है। भगवान होना नहीं पड़ता, बस यह समझना पड़ता है कि हम हैं ही भगवान। जरा सा स्वयं का पता लगा और दुनिया बदली। इसीलिए संतुलन जरूरी है संयम की अति से।

खतरे की घण्टी ः तालिबान का नारा-''दुनियाँ के मुस्लिम एक हो''

ओमप्रकाश मेहता

अफगानिस्तान से निर्धारित समयसीमा से पूर्व डरपोक की तरह भागकर अमेरिका ने तालिबानियों के हौसले बढ़ दिये है, अब वे खुलेआम न सिर्फ पूरी दुनिया पर राज करने का सपना देखने लगे है, बल्कि पूरे विश्व के मुसलमानों को एक जुट हो जाने का संदेश भी देने लगे है, कोई आश्चर्य नहीं कि वे निकट भविष्य में ही पूरे विश्व के सामने एक नई चुनौती खड़ी करने का प्रयास करें?

पूरी दुनियां में तालिबानियों की पहचान आतंकवादियों के रूप में है, विश्व की महान शक्तियां पिछले बीस सालों से इनकी आतंकवादी विचारधाराओं को खत्म करने का प्रयास कर रही है, इन्हें अपने मकसद में सफलता भी मिली थी, किंतु अफगानिस्तान के इस ताजे घटनाक्रम ने तालिबानियों की पुरानी पहचान को पुर्नजीवित कर दिया है, क्योंकि अपनी ताकत और आतंक के बलबूते पर ही अफगानिस्तान पर इन्होंने कब्जा किया है और वहां के तत्कालीन शासकों व उनके संरक्षक अमेरिका को अफगानिस्तान से भागने को मजबूर किया है और इसी कारण अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की साख भी प्रभावित हुई है। अब स्थिति यह है कि अमेरिका तालिबानियों से डरकर भाग गया और रूस इस मामले में दिखावे की तटस्थ भूमिका में है और तीसरी शक्ति चीन तो खुलकर तालिबान के साथ है, इसीलिए तालिबानियों के हौसले सातवें आसमान पर है और वे अब दुनिया के किसी भी देश को अपने लिए चुनौती नहीं मानते, जिनमें भारत भी शामिल है, जिसके सामने कश्मीर के मुसलमानों से सम्बंधित बयान जारी कर तालिबानियों ने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। जिससे भारत की चिंता बढ़ गई है। यद्यपि अभी तक भारत ने इस चुनौती को लेकर कोई अधिकारिक प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है, सिर्फ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जरूर मुंह तोड़ जवाब देने की बात कही है, किंतु तालिबान को लेकर भारत सरकार की नीति क्या होगी? अफगानिस्तान में अब तक खर्च किए गए अरबों डालरों का क्या होगा, इस पर स्पष्ट रूख

उजागर नहीं किया है, शायद भारत अन्य मित्र देशों से चर्चा के बाद अपनी नीति स्पष्ट करना चाहता है और इसी सिलसिलें में संभवतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी माह अमेरिका यात्रा भी है, किंतु इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे कश्मीर को लेकर तालिबान ने जो बयान जारी किया है, उसे लेकर भारत का चिंतित होना और हर स्थिति के लिए अपने आपको तैयार रखना जरूरी हो गया है।

....और फिर यह तो जगजाहिर है कि पाकिस्तान और चीन सिर्फ और सिर्फ भारत से जुड़े अपने हितों को मूर्त रूप देने के लिए ही तालिबान को हर तरह का समर्थन सहयोग दे रहे है। भारत की इसी मुद्दें से जुड़ी एक और भीषण समस्या यह भी है कि कश्मीर के स्थानीय नेताओं का सुझाव भी खुलकर तालिबानियों के साथ है, जिसका संकेत जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती पहले ही दे चुकी है, कश्मीर के स्थानीय नेताओं का संगठन गुपकार भी कई बार इस मसले पर विचार मंथन कर चुका है और वह भी भारत सरकार के मुकाबले तालिबानियों को ज्यादा अहमियत दे रहा है, अब चूंकि अनुच्छेद-370 की समाप्ती को लेकर पूरा कश्मीर भारत की मौजूदा सरकार से नाराज है और वह भारत सरकार को नीचा दिखाने का अवसर ढूंढ़ रहा है और इसीलिए कश्मीर फिलहाल पूरी तरह तालिबानियों के साथ है, फिर चाहे भारत सरकार वहां अपने सत्तर मंत्रियों को तो क्या पूरी सरकार भी वहां चली जाए तो वहां कोई वैचारिक बदलाव फिलहाल नहीं हो सकता, अब ऐसी स्थिति में भाजपा का वहां की विधानसभा पर कब्जा भी ''दिवास्वप्न'' ही साबित होगा। इसलिए यह भी संभव है कि भारत की भाजपा सरकार लद्दाख की तरह जम्मू की अलग विधानसभा कायम कर लें और उस पर अपना कब्जा कर लें, किंतु कश्मीर पर तो फिलहाल भाजपा का वर्चस्व स्थापित होना असंभव ही प्रतीत हो रहा है।

इस प्रकार कुल मिलाकर हमारी धरती के 'स्वर्ग' कश्मीर को लेकर भारत सरकार की सबसे बड़ी चिंता है, सबसे पहले उसे तालिबानियों से बचाने की और उसके बाद उस पर अपने दल के वर्चस्व की।

सुख और समृद्धि के लिए जरूरी है कर्तव्य निष्ठा

सूडोकू नवताल- 5826

★☆☆☆☆ सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकू नवताल -5825 का हल

8	2	4		9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

प्रो चित्र भूषण श्रीवास्तव विदग्ध

आज हमारे देश में जो परिदृश्य है वह राष्ट्रहितकारी कम और स्वार्थपूरक , पूर्वआग्रही अधिक दिखाई देता है। लोग प्राचीन मान्य परम्पराओं और मर्यादायों के प्रति उदासीन हो विभिन्न वर्जनाओं का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। बहुतों में न लोकलाज दिख रही है न नियम-कायदों का डर। देश तो यह वही है जिसने कभी अपने संगठित अनुशासनपूर्ण व्यवहार से आजादी के पूर्व के दिनों को देखा और भोगा है, वे जानते हैं कि तत्कालीन वातावरण में कितनी अनिश्चितता थी और विदेशी शासन के जुल्मों का कितना भय था, किन्तु तब भी देश प्रेमी जनता के मन में निष्ठा, लगन और ईमानदारी थी। समाज में जातीय भेद होते हुए भी आत्मीय, एकता और समन्वय की भावना थी। प्रत्येक छोटे-बड़े को नियमों के पालन की आत्मप्रेरणा थी और अपने काम को ढंग से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण करने की लगन थी। इसी सामाजिक ईमानदारी ने एक जुटता से राष्ट्र के लिए प्राणपण से न्यौछावर होने की भावना जगाई थी और मार्ग की अनेकों दुगर्म कठिनाईयों के होते हुए भी हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के लक्ष्य को पाने में सफलता मिली थी।

इसके विपरीत आज आजाद देश के नागरिकों के मन में कटुता, लोलुपता और चरित्रहीनता दिखाई देती है। क्षेत्र चाहे कोई भी हो हर जगह मलिनता व्याप्त है। वातावरण में

पवित्रता और व्यवहार में पावनता, निश्छलता और सहज सेवा उपकार की भावना कम दिखाई देती है। अनाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार , आत्म केंद्रित स्वार्थ की प्रबलता है। संबंधों में आत्मीयता कम है, क्रिया-कलापों में दिखावट है, रूप में निरर्थक सजावट है, सेवाओं में गिरावट है, विभिन्न उत्पादों में मिलावट है तथा सही प्रगति पथ पर जगह जगह रुकावट है। पुराना भाईचारा, आपसी सम्मान, सदभावना, और गुणवत्ता बढ़ाने के लिये सीखने की इच्छा लुप्त सी हो गयी हैं। इसी से वांछित परिणाम नहीं मिल पा रहे। धन का अपव्यय हो रहा है और संकल्पित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पा रही। यह गहन चिन्तन का विषय है कि ऐसा क्यों हो गया ?

लगता है इस सारी बढ़ती बदहाली का मूल कारण हमारे सोच और कार्य-सरणी में बदलाव है। मनुष्य वैसा ही बनता है जैसा वह सोचता है। विचार ही व्यक्ति के व्यावहारों के उद्गम हैं।

धन सदा सुखदायी ही नहीं समस्या उत्पादक भी होता है। अनुचित साधनों से धन की प्राप्ति परिवार में नये संकट ही लाती है। सुख सचमुच में धन प्राप्ति के लिए अंधी दौड़ में नहीं, प्रेम के निश्छल आदान-प्रदान में है। सहयोग और ईमानदारी में सुख के बीज छिपे होते हैं। परन्तु इस सचाई को भुलाकर नवीनता की चका-चौंध में जो गलत प्रयत्न धन पाने के लिए अपनाएँ जा रहे हैं उन्होंने ही सारी कठिनाइयाँ बढ़ा दी है।

भारतीय संस्कृति में तप और त्याग का धार्मिक महत्व रहा है। इसी पवित्र भावना ने समाज को बंधि रखा है और मन को बेलगाम होकर दौडने से रोके रखा है। किन्तु आज अन्य सभ्यताओं की देखा देखी भारतीय संस्कारों को तिलांजलि देकर लोगों ने बाह्य आकर्षणों में सुख की साध पाल ली है इससे ही देश पथ विचलित हो गया है।

यदि हमें अपने देश को फिर संस्कृति स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो भारत भूमि की जलवायु की ही उपासना करनी होगी और युग की नवीनता को अपने कार्यक्रमों में उचित रूप से समायोजित करना होगा। बिना सदाचरण, निष्ठा और नैतिकता को अपनायें जीवन में वास्तविक सुख-शांति और समृद्धि संभव नहीं है।

बलिदान

चित्र भूषण श्रीवास्तव विदग्ध

घटना कारगिल की है। भारत के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाकर भी पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं पर चुपचाप घुसपैठ शुरू कर दी थी। काश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। सन् 1947 में काश्मीर रियासत के राजा हरीसिंह ने पूरी रियासत का देश में मिलना स्वीकार कर भारत देश के एक प्रदेश के रूप में रहना पसंद किया। काश्मीर पाकिस्तान से लगा हुआ है। पाकिस्तान उसे अपने देश में गैर कानूनी ढंग से मिलाने के लिये शुरू से ही लालायित है। ऐसा असंभव है। इसलिये वह हमेशा काश्मीर प्रदेश में भारतीय सीमाओं पर घुसपैठ कर , आतंक मचाकर जमीन हथियाना चाहता है। कई बार युद्ध में हारकर भी मई 1999 में सीमाओं पर द्रास - कारगिल और बटालिक क्षेत्र में ऊँचे पहाड़ों पर उसने फिर हमला किया। हमारे वीर बहादुर सैनिक प्राणपण से देश की रक्षा के लिये लड़कर विजयी हुये।

यह कारगिल क्षेत्र की टाइगर पहाड़ी पर घुसपैठियों से युद्ध करते हुये अपनी भारत माँ के लिये प्राण देने वाले वीर हेमसिंह की वीरता की घटना है। हेमसिंह ग्राम खेड़ा फिरोजाबाद के निवासी थे। टाइगर पहाड़ी पर अपूर्व वीरता के साथ दुश्मन सेअपने भारत देश के लिए लड़ते हुये अपना बलिदान दे उन्होंने शहादत पाई। उनके मित्र नायक रामसिंह ने उनकी वीरता का वर्णन इस प्रकार किया है।

हेमसिंह की बहादुरी देखकर दुश्मनों के भी छक्के छूट गये। कारगिल में टाइगर पहाड़ी को दुश्मनों से छुड़ाने की ज़िम्मेदारी 9 वीं पैरा यूनिट के जाँबाज कमाण्डों को सौंपी गई थी। कमाण्डो अपने दल के साथ एक के बाद एक कुछ फासले से पहाड़ी पर चढ़ रहे थे। नायक हेमसिंह भी अपने कुछ साथियों को ले पहाड़ी पर रस्सी बाँधकर चढ़ रहे थे। जब वे ऊपर पहुँचने वाले ही थे तो दुश्मनों ने गोली चलानी शुरू कर दी। भारतीय सेना दल ने भी गोली चलानी शुरू कर दी तो दुश्मन अपने बंकरों में भाग कर ऊपर से धुंआधार गोलियाँ बरसाने लगे। दुश्मन केवल 40-50 गज की दूरी पर थे। बिना कोई परवाह किये देशभक्त भारतीय सैनिक चढ़ते और बढ़ते गये तथा अनेकों दुश्मन सैनिकों को ढेर कर दिया। इसी बीच दुश्मन ने और सैनिक सहायता से बमबारी शुरू कर दी। हेमसिंह आगे बढ़ते जा रहे थे। उनके शरीर में बम के टुकड़े धंसते गये पर अपने साथियों के पीछे हटने का आग्रह ठुकराकर भी हेमसिंह अपने मोर्चे पर डटे रहे और अपनी बंदूक के निशाने से दुश्मन के चार सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया । साथियों ने उन्हें अस्पताल , जो 20 किमी . दूर था , ले जाने की तैयारी की।

सोनाक्षी सिन्हा ने रॉनी स्क्रूवाला की फिल्म ककुड़ा का भुज शेड्यूल किया पूरा

दबंग अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवा सकती हैं। हाल ही में उन्हें अजय देवगन अभिनीत फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में देखा गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने रॉनी स्क्रूवाला की हॉरर कॉमेडी फिल्म ककुड़ा के भुज शेड्यूल को पूरा कर लिया है। सोनाक्षी ने खुद आज इस संबंध में जानकारी शेयर की है।

सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में तस्वीरें शेयर करके फिल्म के पहले शेड्यूल के समाप्त होने की जानकारी दी है। कोरोना महामारी की अनिश्चितता के बीच ककुड़ा का पहला शेड्यूल पूरा हो गया है। आरएसवीपी ने 20 जुलाई को फिल्म की घोषणा की थी। 20 जुलाई को ही फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। फिल्म का निर्माण रॉनी कर रहे हैं। फिल्म में रितेश देशमुख और हुमा कैरशी के भाई व अभिनेता साकिब सलीम भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2022 की शुरुआत में रिलीज हो पाएगी। ककुड़ा की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्दगिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है। वह भूत उन्हें मस्ती से भरी रोलरकोस्टर की सवारी में अंधविश्वास, परंपरा और प्यार पर सवाल खड़ा करने पर मजबूर कर देता है। रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीया सोनाक्षी फिल्म में भूत का शिकार करती हुई नजर आएंगी। सोनाक्षी ने इस फिल्म को लेकर कहा था, मौजूदा हालात को देखते हुए एक कॉमेडी फिल्म समय की जरूरत है। मैंने ककुड़ा की कहानी पढ़ते ही इसके लिए हां कर दी थी। इस तरह की फिल्म को मैं दर्शक के रूप में देखना पसंद करूंगी। फिल्म को अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग द्वारा लिखा गया है। फिल्म 2022 में डिजिटली रिलीज होगी।

नीरज कोठारी की फिल्म ब्लैकआउट में दिखेंगे विक्रांत मैसी और नोरा फतेही

विक्रांत मैसी ने बॉलीवुड में तेजी से अपनी पहचान बनाई है। विक्रांत को हाल में आई फिल्म हसीन दिलरुबा के लिए काफी सराहना मिली है। यह फिल्म 2 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। वहीं, नोरा फतेही हाल में रिलीज हुई फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में दिखी हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि विक्रांत और नोरा नीरज कोठारी की फिल्म ब्लैकआउट में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विक्रांत और नोरा फिल्ममेकर नीरज की आगामी फिल्म ब्लैकआउट में नजर आएंगे। खबरों की मानें तो अभिनेता विक्रांत ने फिल्म ब्लैकआउट साइन कर ली है। बताया जा रहा है कि फिल्म में विक्रांत के अपोजिट भूमिका निभाने के लिए नोरा को कास्ट किया गया है। इस फिल्म के लीड कलाकार विक्रांत और नोरा ने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। रिपोर्ट की मानें तो अपने मौजूदा असाइनमेंट को पूरा करने के बाद अक्टूबर या नवंबर के आसपास विक्रांत और नोरा इस प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करेंगे। विक्रांत अभी सुपरहिट मलयालम फिल्म फॉरेंसिक की हिन्दी रीमेक की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में राधिका आप्टे, प्राची देसाई और रोहित रॉय नजर आएंगे। नोरा जल्द ही लव रंजन की कॉमिक थ्रिलर फिल्म उफ्फ की शूटिंग शुरू करेंगी। यह एक साइलेंट फिल्म है, जिसका निर्देशन जी अशोक करेंगे। यह फिल्म सीधे ह्वज्ञ्ज प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन देवांग भावसार द्वारा किया जा रहा है। इस फिल्म से वह निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने प्रिंस (2010), क्या सुपर कूल है हम (2012), किस्सा (2013) और चॉपस्टिक्स (2019) जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया है। नीरज और सरिता ए तंवर जिन्होंने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल का निर्माण किया है, वे इस फिल्म का निर्माण करेंगे। विक्रांत के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगे। वह शंकर रमन की फिल्म लव हॉस्टल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

शनाया कपूर ने विज्ञापन से किया ऑन स्क्रीन डेब्यू

संजय कपूर बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। उन्होंने कई यादगार फिल्मों में अभिनय किया है। काफी समय से संजय की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अब फिल्मों में डेब्यू करने से पहले ही शनाया ने एक विज्ञापन के जरिए अपना ऑन स्क्रीन डेब्यू कर लिया है। सोशल मीडिया पर इस विज्ञापन का वीडियो से तेजी से वायरल हो रहा है। फिल्म निर्माता करण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शनाया के विज्ञापन का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ओह माय गॉड, शनाया तुम्हारे बाल बहुत सुंदर दिख रहे हैं। इस वीडियो में वह नूल्डस खाती हुई नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि नूल्डस खाने से शनाया का मुंह और बाल खराब हो रहे हैं। यह एक हेयर स्ट्रेटनर का विज्ञापन है, जिसमें शनाया नजर आई हैं।

इस विज्ञापन में शनाया का अंदाज दर्शकों को पसंद आ रहा है। शनाया के पिता संजय ने भी विज्ञापन को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, यह शूट असल में काफी मजेदार लगता है। जिस तरह से आपने कटोरे में भरे पास्ता को खाया, उससे प्यार आ रहा है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने अपनी पत्नी और शनाया की मां महीप कपूर को भी टैग किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया के स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में आगाज करने के आसार थे, लेकिन वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म से अभिनय की दुनिया में पदार्पण करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता लक्ष्य लालवानी और गुरफतेह पीरजादा भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म को करण और शशांक खैतान प्रोड्यूस करेंगे। इस फिल्म को 2022 में रिलीज करने की योजना है। जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। फिल्मों में डेब्यू करने से पहले शनाया जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल की सहायक निर्देशक की भूमिका में काम कर चुकी हैं।

सोफा कुशन को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

गंदे सोफा कुशन्स न सिर्फ घर की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं बल्कि इनसे बीमारी फैलने का भी डर रहता है। दरअसल, अगर सोफा कुशन्स गंदे हो जाते हैं तो इनमें कई तरह के कीटाणु पनप जाते हैं जो बहुत जल्दी आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए समय-समय पर इनकी सफाई करना जरूरी है। आइए आज आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से सोफा कुशन्स को आसानी से साफ किया जा सकता है।

वैक्यूम क्लीनर का करें इस्तेमाल

वैक्यूम क्लीनर की मदद से आप अपने सोफा कुशन्स को धूल-मिट्टी से छुटकारा दिला सकते हैं। अच्छी बात तो यह है कि वैक्यूम क्लीनर से कुशन्स को किसी तरह का नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। अगर आपके पास वैक्यूम क्लीनर नहीं है तो सोफा कुशन्स की धूल-मिट्टी साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश या फिर लिंट रोलर यानि कपड़ों से रूआं साफ करने वाले रोलर का इस्तेमाल करना अच्छा विकल्प हो सकता है। ये आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएगें।

बेकिंग सोडा भी आएगा काम

अगर किसी कारणवश आपके सोफा कुशन पर तैलीय दाग लग गया है तो आप इसे साफ करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बेकिंग सोडा को अच्छी-खासी मात्रा में दाग के ऊपर छिड़कें और इसे आधे घंटे के लिए दाग पर ही लगे रहने दें। दरअसल, बेकिंग सोडा तैलीय दाग को सोफा कुशन के ऊपर मजबूती से सेट होने से रोकता है, जिसके बाद सोफा कुशन को साफ करने में कोई परेशानी नहीं होती है।

क्लीनिंग सॉल्यूशन का छिड़काव करें

अगर आप चाहते हैं कि आपके सोफे के कुशन्स साफ होने के साथ-साथ कीटाणुमुक्त भी रहे तो इसके लिए खुद एक क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार करें। सबसे पहले एक कटोरी में तीन बड़ी चम्मच एल्कोहल युक्त सैनेटाइजर, एक चम्मच सफेद सिरका और अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और जब आपको लगे कि आपके सोफे के कुशन्स गंदे हैं तो उस पर इसका छिड़काव करके इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से रगड़ें।

ड्राई क्लीनिंग भी है एक अच्छा विकल्प

अगर आपको लगता है कि आप घर पर सोफे के कुशन्स की सफाई अच्छे से नहीं कर सकते हैं तो इसे घर पर साफ न करें और ड्राई क्लीनिंग के लिए भेज दें।

शाहरुख अभिनीत एटली की फिल्म में नजर आएंगे सुनील ग्रोवर

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान इस साल कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। इन्हीं फिल्मों में से एक दक्षिण भारतीय फिल्मों के चर्चित निर्देशक एटली की अगली फिल्म है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसमें शाहरुख लीड रोल में दिखेंगे। हाल में इस फिल्म में साउथ अभिनेत्री नयनतारा और सान्या मल्होत्रा शामिल हुई हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में कॉमेडियन और अभिनेता सुनील ग्रोवर भी नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख की इस फिल्म में सुनील भी शामिल हो गए हैं। खबरों की मानें तो मेकर्स ने सुनील को फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए साइन किया है। एक सूत्र ने कहा, शाहरुख और एटली की फिल्म में निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर कलाकारों की टुकड़ी तैयार की है। शाहरुख, नयनतारा, सान्या और सुनील को फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए कास्ट करने की पुष्टि की गई है। सूत्र का मानना है कि इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सहित बॉलीवुड के कई कलाकारों के शामिल होने की उम्मीद है। इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसकी शूटिंग इस साल अक्टूबर में शुरू हो सकती है। सुनील ने इससे पहले कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। उन्होंने इससे पहले गब्बर इज बैक, भारत और पटाखा जैसी फिल्मों में काम किया है। यह एक बड़े बजट की फिल्म है, जिसे करीब 200 करोड़ रुपये की लागत में बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि सान्या को इस फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया है। वह फिल्म में शाहरुख के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए उत्साहित हैं। चर्चित प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले सान्या शाहरुख के प्रोडक्शन वाली फिल्म लव हॉस्टल में काम कर चुकी हैं। एटली इस फिल्म को कई भाषाओं में बनाएंगे। यह पूरी तरह से एक कमर्शियल फिल्म होगी, जिससे मेकर्स को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है। फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशंस की तलाश पूरी हो चुकी है। प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए लुक टेस्ट, कास्टिंग और अन्य पहलुओं पर कार्य भी पूरा हो चुका है। अंतिम बार 2018 में आई फिल्म जीरो में दिखने वाले शाहरुख इस फिल्म में डबल रोल में दिखेंगे।

बच्चों की सेहत को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं ये पेय पदार्थ, न करवाएं सेवन

बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से करने में खान-पान एक अहम भूमिका अदा करता है। इसलिए बच्चे को कुछ ऐसा खिलाने या पिलाने से बचें, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। बता दें कि आजकल मार्केट में ऐसे कई पेय पदार्थ मौजूद है, जिनका सेवन बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए ऐसे ही कुछ पेय पदार्थों के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन बच्चों को न करवाना ही बेहतर है।

कार्बोनेटेड पेय पदार्थ

कोका-कोला, डाइट कोला, फ्लेवर्ड सोडा और इसी तरह की कार्बोनेटेड पेय पदार्थ का सेवन बच्चों की सेहत को प्रभावित कर सकता है। इससे बच्चे डिहाइड्रेशन और पेट से जुड़ी समस्याओं का शिकार हो सकते हैं। इसके अलावा, ये बच्चों के मानसिक विकास पर भी विपरीत असर डाल सकते हैं। दरअसल, इन पेय पदार्थों में शक्कर की मात्रा भी बहुत ज्यादा होती है, जिसके कारण बच्चों को मोटापे और मधुमेह जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है।

कैफीन युक्त पेय पदार्थ

बच्चों को चाय और कॉफी जैसे कैफीन युक्त पेय पदार्थ भी पीने के लिए नहीं देने चाहिए। दरअसल, इनमें टैनिन की मात्रा अधिक होती है, जिसका बच्चों की हार्ट रेट पर विपरीत असर पड़ता है। वहीं, इसके कारण बच्चों को रोजाना किसी न किसी पेट से जुड़ी समस्या या फिर अनिद्रा का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आप अपने बच्चे को चाय या कॉफी का सेवन करवाते हैं तो आज से ही ऐसा करना बंद कर दें।

पैकेज्ड फलों का रस

यह बात तो सभी जानते हैं कि फलों के रस का सेवन सेहत के लिए अच्छा होता है, लेकिन अगर आप अपने बच्चे को बाजार से लाए पैकेज्ड जूस का सेवन करते हैं तो आज से ऐसा करना छोड़ दें। दरअसल, इन जूस में शक्कर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिसका बच्चों की सेहत पर उल्टा असर पड़ता है। इसलिए अगर आपको अपने बच्चे को जूस पिलाना ही है तो घर में ही जूस बनाकर उसे पिलाएं।

पैकेज्ड स्मूदी या फिर शेक

पैकेज्ड फलों के रस की तरह ही पैकेज्ड स्मूदी और शेक का सेवन बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल, अक्सर यह देखने में आया है कि स्मूदी और शेक बनाने के दौरान लोग स्वाद बढ़ाने के चक्कर में इसमें आर्टिफिशियल फ्रूट जूस का इस्तेमाल देते हैं।

मोहसिन के साथ शिवांगी भी करेंगी ये रिश्ता क्या कहलाता है को अलविदा?

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है ना सिर्फ अपनी शानदार कहानी, बल्कि लीड कलाकार मोहसिन खान और शिवांगी जोशी की केमिस्ट्री को लेकर भी खूब चर्चा में रहता है। कुछ दर्शक तो इसी जोड़ी को देखने के लिए ही यह शो देखते हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक उन लोगों का दिल टूट जाएगा, जो मोहसिन और शिवांगी की जोड़ी के कायल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी खबरें हैं कि शिवांगी और मोहसिन अक्टूबर के पहले हफ्ते तक इस धारावाहिक को अलविदा कह देंगे और उनकी जगह नए कलाकारों की एंट्री होगी। पिछले दिनों चर्चा थी कि शो में एक बड़ा लीप आने वाला है, जिसके बाद मोहसिन एक बड़ी उम्र वाले किरदार में दिखेंगे। मोहिसन ज्यादा उम्र का किरदार नहीं निभाना चाहते, इसलिए वह ये धारावाहिक छोड़ रहे हैं और अब खबर है कि शिवांगी भी शो छोड़ रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि निर्माता मोहसिन और शिवांगी की भूमिका के साथ अब तक कई प्रयोग कर चुके हैं। अब वे चाहते हैं कि शो की नई स्टोरीलाइन हो और उसमें नए किरदार नजर आएं, वहीं, कहा जा रहा है कि मोहिसन और शिवांगी एक बुजुर्ग माता-पिता की भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थे। खैर, जो भी है, यह खबर बेशक फैंस का दिल तोड़ने वाली है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मोहसिन और शिवांगी 2016 में ये रिश्ता क्या कहलाता है से जुड़े थे। दर्शकों ने इस जोड़ी को बहुत प्यार दिया। देखते ही देखते मोहसिन और शिवांगी की जोड़ी टीवी की सबसे लोकप्रिय जोड़ियों में शामिल हो गई थी।

वन-टू-वन

जनहित में विशेष सेवाकार्य करने पर समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का मैसूर पेटा व माला पहनाकर किया सम्मानित

पुष्पांजली टुडे

मैसूर.–अग्रहार स्थित जिला पत्रकार संघ भवन में समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित की ओर से समाचार पत्र वितरकों के बच्चों के लिए शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दी गई द्य जनहित में विशेष सेवाकार्य करने पर समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित का मैसूर पेटा व माला पहनाकर व शाल द्वारा सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर मैसूर जिला पत्रकार संघ के कार्यदर्शी सुब्रमण्यम, साहित्यिक बनूर के.राजू,पूर्व पार्षद एम.डी.पार्थ सारथी,जीवधारा रक्तकोष के निदेशक एसई गिरीश,के.आर. बैंक के उपाध्यक्ष बसवराज बसप्पा,कृष्णराजा युवा संघ के अध्यक्ष नवीन,विक्रम अयंगर, नागेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

कोरोना टीकाकरण अभियान कैंप का आयोजन किया गया आमजन को किया टीका लगा के लिए जागरूक

पुष्पांजली टुडे

बेंगलुरू– वैक्सीनैशन कैंप का आयोजन शुक्रवार को सुन्कदकट्टे बढेर बैंगलोर पश्चिम् के तत्वावधान मे वैक्सीनेशन का कैंप हाउसिंग बोर्ड विनायका लेआउट में रखा गया । कोवि शील्ड वैक्सीन उपलब्ध करवाया गया पहले डोज एवं दूसरी डोज दिलाकर जन कल्याण किया गया । कैंम्प में 70 डोज लगी।वैक्सीनेशन पुर्णत निशुल्क था । इसकी शुरुआत सुबह 9ः00 बजे हुई इसमें रंगाना भाजपा कार्यकर्ता ने शिविर में पहुंचकर कार्यक्रम को आयोजित करने में सहयोग किया । संघक्षक इन्द्रलाल सोलंकी ने कहा की वैश्विक महामारी कोरोना से एकमात्र बचाव टीका ही है ।ऐसे में समाज हित के लिए शिविर की आवशयकता महसूस की जा रही थी। इस शिविर में अध्यक्ष रूगाराम चोयल एवं सचिव हनुमानराम बर्फा ,उपाध्यक्ष लक्ष्मण पंवार, सहसचिव भँवरलाल गेहलोत, भानाराम गेहलोत, नाथूराम सभी ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफलता पुर्वक सम्पन्न करवाया। ये जानकारी नारायणलाल सैणचा द्वारा दी गई।

आंगनबाडी कार्यकर्तृता प्रियंका गुप्ता ने घर घर जाकर वार्ड वासियों को वेक्सीन लगवाई

विनोद पाठक ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

श्योपुर । वैक्सिंग अभियान के तहत वार्ड नंबर 22/23 में आंगनबाडी कार्यकर्तृता प्रियंका गुप्ता ने घर घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगवाई और वार्ड वासियों को जागरूक भी किया की जिन्होंने वेक्सीन नही लगवाई है वो लोग भी जल्दी वेक्सीन लगवा ले ताकि आने वाली कोरोना की तीसरी लहर से अपना और अपने परिवार का बचाव कर सके सुपरवाइजर शानू कुरैशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वार्ड 23 सी कुमारी प्रियंका गुप्ता, ममता शर्मा, शब्बो बानो, सहायिका मिथलेश चौरसिया, दुलारी शर्मा, साथ में टीकाकरण करने के लिए ए एन एम कमला बिलाला, नीरज राठौर, राकेश पाठक, रामस्वरूप माहौर, प्रेमप्रकाश शर्मा, मो. असलम कुरैशी, आशा. रोशन आरा कोरोना टीकाकरण अभियान में मौजूद रही।

गोहद क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति हमारे परिवार का सदस्य- विधायक

महेंद्र शर्मा रिपोर्टर
ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे

गोहद। गोहद विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति हमारे परिवार का सदस्य है इसलिए प्रत्येक सामाजिक

बंधु के सुख-दुख मैं सहभागिता के लिए हम चौबीसों घंटे तैयार हैं किसी भी विषम स्थिति में कोई भी व्यक्ति हमसे फोन पर संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत करा सकता है गोहद क्षेत्र के विकास के लिए हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ समाज बंधुओं से चर्चा करते हुए तन मन धन से लगे हुए हैं यह बात गोहद के विधायक श्री मेवाराम जी जाटव द्वारा आज स्वदेशी जागरण मंच मुरैना विभाग के संयोजक आचार्य बृज मोहन शर्मा के निवास पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समाज बंधुओं के बीच कहीं उन्होंने कहा की गोहद विधानसभा का कोई भी व्यक्ति बिना किसी प्रकार का संकोच किए अपनी बात रख सकता है।

सावन स्पेशल किड्स फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में वन देवी व आदिशक्ति बने प्रथम विजेता

पुष्पांजली टुडे
इंदौर(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मल्टी प्रोडक्ट हब द्वारा सावन स्पेशल किड्स फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन शुरू किया गया था।जिसमे ?ह्लह्ल कैटेगरी में 0-5 साल,2ठ्ठस्न कैटेगरी में 6-11 साल व 3ह्लस्न कैटेगरी में 12-18 साल के बच्चो ने पार्टिसिपेट कर सकते थे परंतु कॉम्पटीशन में 12 से 18 साल के बच्चों की एंट्री नही पहुंची।पर 0-5 साल व 6-11 साल के बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा कॉम्पडिशन में हिस्सा लिया और अच्छे अच्छे मन लुभावन रूप धारण कर प्रथम,द्वतीय व तृतीय जगह बनाई।?क्कइवेंट व मल्टी प्रोडक्ट हब की डायरेक्टर मेघा जैन के द्वारा बताया गया था कि इसमें कॉम्पडिशन में बच्चो को पार्टिसिपेट करने के लिए केवल 35 रुपये से अपना रजिस्ट्रेशन करना था जो कि रजिस्ट्रेशन फीस ऑनलाइन पे थी।साथ ही उसके बाद किये गए पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट,पार्टिसिपेट करने वाले बच्चे-बच्ची के 2 फोटो(स्पेशल ड्रेस में)साथ ही बच्चे का नाम,उम्र व स्थान नीचे दिए गए नम्बर पर भेजना था।जिसके रिजल्ट घोषित करते हुए बताया कि इस कॉम्पडिशन मे 0 से 5 वर्ष में प्रथम स्थान पर वन देवी का रूप धारण किये हुए 3 वर्ष की भैरवी ने जगह बनाई तो वहीं दूसरे स्थान पर भोले बाबा का रूप धारण किये हुए इशावनी ने जगह बनाई।तीसरे स्थान पर देशभक्त के रूप में दिखने वाले गर्वित अग्रवाल ने जगह बनाई।चौथे स्थान पर भोले बाबा का रूप धारण किये हुए ओंकार ने जगह बनाई तो वहीं पांचवे स्थान और बाल गोपाल का रूप धारण

किये हुए छोटे से मृगनेंद्र ने जगह बनाई।इसी तारम्भ में 6 से 11 वर्ष की श्रेणी में प्रथम स्थान पर आदि शक्ति का रूप धारण किये हुए पर्व जैन विजेता रहे।दूसरे स्थान पर पार्वती माता का रूप धारण करने वाली कृष्णि सिंह ने जगह बनाई।तीसरे स्थान पर भारत माता के रूप में दिखने वाली आराध्या सिकरवार ने जगह बनाई व चौथे स्थान पर वासुदेव बने अदृश्य गर्ग ने बाजी मारी।इसी क्रम में आन्या गुप्ता,आध्या गुप्ता,आकाशी गुप्ता,सावी,शिवांश अग्रवाल,राघव अग्रवाल,वानी गुप्ता,इदिका सिंह,श्रद्धा अग्रवाल,वंश पहवा,भाविक,अवनी शुक्ला,अनुश्री पाटिल,तिथि अग्रवाल,आराध्या अग्रवाल,अनबी गोयल,रिद्धि अग्रवाल,अनिन्धता वी,वेदांसी अग्रवाल,देव,आदित गोयल,प्राणया अग्रवाल,यासिना अख्तर,अथवय रावत,वेदांत सिंह,दिव अग्रवाल,तनु राजौरिया,सिद्धि गोयल आदि बच्चो ने भी अलग अलग भगवान के रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।जिसके लिए इन बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।इस कॉम्पडिशन का रिजल्ट अनाउंस जाने माने बॉलीवुड एक्टर नरेंद्र सक्सेना जी(शमिताभ),मद्रा में अपनी अलग छाप छोड़ने वाली युवा समाजसेवी विजेता सिंह चौहान,बॉलीबुड एक्टर सिद्धांत श्रीवास्तव,द हिन्द ट्रुडे न्यूज के एडिटर,?क्क व स्क्क्ष की डायरेक्टर मेघा जैन,प्रीत म्यूजिक स्टूडियो के डायरेक्टर प्रीत अग्रवाल के द्वारा किया गया।वहीं इस कॉम्पिशन में मीडिया पार्टनर के रूप में द हिन्द ट्रुडे न्यूज व प्रोडक्शन पार्टनर के रूप में प्रीत म्यूजिक स्टूडियो अहम भूमिका निभा रहे हैं।साथ ही आयोजन मल्टी प्रोडक्ट हब के द्वारा किया जा रहा है।रिजल्ट घोषित करने वाले सभी जजेस ने विजेताओं को बधाई दी साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी लोग नए कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए भी तैयार रहें।

बीजेपी कार्यालय मंत्री श्री पंकज वर्मा जी द्वारा गरीब लोगों के लिए खाद्य राशन वितरण किया गया

राकेश परिहार रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे
9691338626

पिछोर । नगर पिछोर में वार्ड क्रमांक छह में बीजेपी कार्यालय मंत्री श्री पंकज वर्मा जी ने खाद्य राशन वितरण किया इस अवसर पर गरीब असहाय लोगों की हर तरह से मदद की गई जिसमें कार्यालय मंत्री ने गरीब असहाय लोगों की मदद की और कहा की गरीब असहाय लोगों की हमेशा लोगों के लिए मदद करना चाहिए जिससे गरीब असहाय लोगों को ऐसा ना लगे कि हमारे साथ कोई नहीं है इसलिए हमारा दायित्व यह है कि लोगों के लिए और जरूरतमंदों के लिए हमेशा अपने तत्व पर मौजूद रहे इसीलिए कार्य मंत्री ने कहा आज नगर पिछोर में वार्ड क्रमांक छह में सेल्समैन शब्बीर खान द्वारा लोगों के लिए उचित उचित समय पर राशन मिलता है और लोगों के लिए घर घर जाकर राशन की

जानकारी दी जाती है के वह अपना राशन उचित समय पर ही ले सेल्समैन द्वारा वार्ड क्रमांक छह में अच्छा कार्य किया जाता है और गरीब लोगों के लिए असहाय लोगों के लिए सेल्समैन द्वारा राशन समय-समय पर मिलता रहता है यह जानकारी श्री कार्यालय मंत्री जी ने आज राशन वितरण होते हुए समय जानकारी दी आज वार्ड क्रमांक छह में बीजेपी कार्यालय मंत्री श्री पंकज वर्मा जी द्वारा सेल्समैन शब्बीर खान की प्रशंसा की और कहा कि आप लोगों की मदद हमेशा इसी तरीके से किया करें जिससे कोई भी परिवार का खाद्य सामग्री लेने से नहीं चूके आज कार्यालय मंत्री श्री पंकज वर्मा जी द्वारा पिछोर वार्ड क्रमांक छह में स्वयं जाकर लोगों की मदद की और खाद राशन प्रधान कराया।

राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन सम्पन्न

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

एटा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 11.09.2021 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस लोक अदालत से पूर्व आज दिनांक 07.09.2021 को एम0ए0सी0टी0 वादों से संबंधित प्री-ट्रायल पीठासीन अधिकारी मोटर यान दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण के न्यायालय में किया गया जिसमें वादकारी अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता एवं शाखा प्रबंधक के साथ आपसी समझौतों के आधार पर दिनांक 11.09.2021 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु वादों का निस्तारण किया गया । इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर राजीव गुप्ता, विकास वार्ष्णेय , राहुल यादव एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला पुजारीयान कल्याण समिति के नगर अध्यक्ष सोहन दास त्यागी व उपाध्यक्ष शम्भू दयाल भार्गव को मनाया गया

विनोद पाठक ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

श्योपुर जिला पुजारीयान कल्याण समिति अध्यक्ष के .एन. वैष्णव के नेतृत्व में देवा के मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक में सभी पुजारीयों ने सर्वसम्मति से सोहनदास त्यागी को निर्विरोध नगर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर शम्भू दयाल भार्गव मनोनीत किया और बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की आने वाले त्यौहार गणेश चतुर्थी एवं डोल ग्यारस प्रशासन की गाइड लाइन एवं शांति समिति की बैठक के आधार पर ही पूजारियन समिति कार्य करेगी आज की बैठक में श्योपुर जिले के अनेक पुजारीगण शामिल हुए।

सोशल मीडिया कंट्रोल रूम के संबंध में नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

सागर । राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में सागर जिले में सोशल मीडिया के बेहतर प्रबंधन हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समस्त विभागों के नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इन नोडल अधिकारियों को सोशल मीडिया कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली तथा नोडल अधिकारियों की भूमिका से अवगत कराने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एडीएम श्री अखिलेश जैन ने की।

इसका उद्देश्य शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के बेहतर प्रचार-प्रसार एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर विभिन्न विभागों से संबंधित नकारात्मक/भ्रामक/असत्य समाचारों के तत्काल प्रतिवाद एवं खंडन के द्वारा जन-सामान्य को संबंधित विषय की वस्तुस्थिति से अवगत कराना है। कंट्रोल रूम द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित नकारात्मक/भ्रामक/असत्य समाचारों एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर नजर रखी जा रही है। समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित इन

नकारात्मक/भ्रामक/असत्य समाचारों एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों साथ ही ऐसे प्रत्येक संवेदनशील मुद्दे की वस्तुस्थिति त्वरित रूप से सोशल मीडिया कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएंगे। संबंधित विभाग घटित घटना की जानकारी लिखित एवं वीडियो-बाईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराएंगे। समस्त संबंधित विभाग समाचारों के प्रतिकार अथवा विभाग द्वारा की गई अनुवर्ती कार्यवाही एवं प्रकरण की वास्तविक स्थिति से भी जिला सोशल मीडिया कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोषल मीडिया पर विभिन्न विभागों से संबंधित नकारात्मक/भ्रामक/असत्य समाचारों के संबंध में की गई कार्यवाही की प्रत्येक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर द्वारा समीक्षा भी की जाएगी। एडीएम अखिलेश जैन ने बताया कि, सभी विभागों से संबंधित नोडल अधिकारी अपने-अपने विभाग की सकारात्मक खबरों, पॉजिटिव स्टोरी, खुशियों की दास्तां, नवाचार की जानकारी भी उपलब्ध कराएं। जिससे शासकीय योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंच सके।

योजनाओं का बेहतर ढंग से प्रभावी क्रियान्वयन कराना प्राथमिकता: कलेक्टर

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

(पत्रकारों की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न)

अशोकनगर । जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर ढंग से प्रभावी क्रियान्वयन कराना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही जिले के विकास के लिए एक्शन प्लान तैयार कर कार्य कराये जायेगें। इस आशय के विचार नवागत कलेक्टर श्रीमती उमा महेश्वरी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारों की परिचयात्मक बैठक के दौरान व्यक्त किये। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से परिचय प्राप्त किया गया। बैठक में

कलेक्टर ने कहा कि प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने में विशेष योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि मीडिया से बेहतर समन्वय के साथ जिले के विकास को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में वैक्सीनेशन, शिक्षा,स्वास्थ्य तथा बाढ़ प्रभावितों को शीघ्र राहत दिलाना हमारा उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया जाए। जिससे वे प्रेरित होकर टीकाकरण का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवा सके। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि पत्रकारों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर शीघ्र अमल किये जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। बैठक में सहायक संचालक जनसंपर्क एस.एम.सिद्धीकी,प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज का शमशाबाद आईमाता मंदीर में हुआ भव्य स्वागत

नारायणलाल सैणचा
पुष्पाजंली टुडे

हैदराबाद–उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री एवं

तमिलनाडु पीन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद जी महाराज मंगलवार 7 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर हैदराबाद पहुँचे ।उनके साथ प्रदेश संगठन की युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव श्री रमेश भायल पधारे है।श्री आईमाता मंदिर ट्रस्ट-शमसाबाद की कार्यकारिणी के निमंत्रण पर स्वामी तेजानंद महाराज हैदराबाद पहुँचे है।बुधवार 8 सितंबर को भादवा सुदी बीज के पावन अवसर पर शमसाबाद बडेर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वामी तेजानंद महाराज मुख्य अतिथि होंगे।वह शमसाबाद बडेर की वार्षिक आमसभा को संबोधित करेंगे।स्वामी तेजानंद महाराज बीज के पर्व के महत्व पर धर्मउपदेश देंगे।वह समाज के युवा वर्ग को धर्मपरायण जीवन जीने की कला पर प्रवचन देंगे।स्वामी तेजानंद महाराज मंगलवार रात्रि शमसाबाद मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली सत्संग में भाग लेंगे।

वन-टू-वन

खुलेआम तलवारे चलाने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। राजधानी के जहाँगिराबाद थाना इलाके मे बीच सड़क पर बैखौफ बदमाशो द्वारा खुलेआम तलवारें चलाने के वायरल वीडीयो को लेकर पुलिस ने तत्काल ही हरकत मे आकर चार बदमाशो को दबोच लिया है। बताया गया है कि बदमाशो ने राजीनामा करने के लिए युवक को बुलाया था। इसके बाद बदामशो ने उसपर अडीबाजी करते हुए पाँच सौ रुपये के मांग की। रकम देने से मना करने पर बदमाश बीच सड़क पर ही उसे तलवार मारने लगे। इसे देखकर आसपस दहशत फैल गई। बदमाशो के हाथ मे तलवारे देख वहाँ मौजूद कोई भी व्यक्ति बीच बचाव करने नही आया। जानकारी के अनुसार जहाँगीराबाद इलाके में निगरानी बदमाश नौशाद लूली को बदमाश पप्पू पाउडर ने समझौते के लिए बुलाया था। पाउडर ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लूली पर तलवार से हमला कर दिया। घटना चार दिन पुरानी बताई गई है, लेकिन इसका वीडियो बीते दिन सोशल मीडीया पर वायरल हुआ है। जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक अर्जुन नगर निवासी नौशाद लूली मोटर वाइडिंग का काम करता है। उसका आपराधिक रिकार्ड है। नौशाद ने पुलिस को बताया कि बीती 3 अगस्त को दोपहर करीब चार बजे सलमान ने फोन कर स्लाटर हाउस के पास मिलने के लिए बुलाया। थोड़ी देर बाद वह मौके पर पहुंचा। जहां पप्पू पाउडर, नफीस, अरमान ने उससे कहा कि पाँच सौ रुपए दे दो समझौता हो जाएगा। जब नौशाद ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। वायरल वीडियो में चार बदमाश उस पर तलवार से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं। जहांगीराबाद पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। नौशाद एमपी नगर का निगरानीशुदा बदमाश है।

पुलिसकर्मी ने घर में घुसकर लगा दी गर्लफ्रेंड की धुनाई

भोपाल। राजधानी के जहांगीराबाद इलाके में स्थित बापू कॉलोनी में रहने वाली एक युवती के घर में बीती देर कमला नगर थाने का आरक्षक जा घुसा। आरोपी ने पीड़िता के साथ में मारपीट की। बताया जा रहा है कि लड़की उसका फोन नहीं उठा रही थी। जिससे आरक्षक नाराज था, इस दौरान बीच बचाव करने आए पीडीता के पिता के साथ भी आरक्षक ने दुर्व्यवहार किया। जहांगीराबाद पुलिस ने युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत करते हुए बताया कि वह बापू कॉलोन मे रहती है। उसका आरोप है कि वो कमला नगर थाने में पदस्थ आरक्षक नीलेश लोहट से बीते चार साल से रिलेशन में थी। नीलेश बीती रात फोन न उठाने से नाराज होकर उसके घर में घुस आया आरोपी ने उसे थप्पड मारा और परिजनों के साथ भी बदसलूकी। लड़की के शिकायती आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्जकर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

तालिबानी सरकार गठन में मुल्ला अब्दुल गनी बरादर का पत्ता कटा, मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को मिलेगा मौका

काबुल (ए)। अफगानिस्तान में जल्द ही तालिबान की सरकार का गठन होने वाला है।इस बीच बड़े उलटफेर की खबर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर का पत्ता कट गया है,अब नई सरकार का प्रमुख मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद हो सकता है।रिपोर्ट्स के मुताबिक हिबतुल्ला अखुंजादा ने मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद के नाम का प्रस्ताव रखा है। इन्हें रईस-ए-जम्हूर या फिर रईस-उल-वजारा का पद मिल सकता है। इसके अलावा नई सरकार में हक्कानी नेटवर्क का सिराजुद्दीन हक्कानी और तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर का बेटा मुल्ला याकूब भी शामिल हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि सिराजुद्दीन हक्कानी को गृह मंत्री और मुल्ला याकूब को रक्षा मंत्री बनाया जा सकता है। आपको बता दें कि पिछले हफ्ते नई सरकार का गठन होने वाला था लेकिन फिर वह टल गया और अब कहा जा रहा है कि बुधवार को सरकार का गठन हो सकता है।जानकारी के मुताबिक तालिबान ने नई सरकार के गठन समारोह के निमंत्रण पाकिस्तान समेत 6 देशों को भेजा है। जिसमें पाकिस्तान, चीन, रूस, कतर, ईरान और तुर्की शामिल हैं।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश चतुर्वेदी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही यात्रा पर साधा निशाना

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

भिण्ड । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने संयुक्त रूप से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से पूछा है कि समाज के सामने स्पष्टीकरण दें कि आदिवासियों के लिए परिसीमन के समय आरक्षित हो रही छिंदवाड़ा सीट को क्यों नहीं होने दिया यदि आदिवासी नेता सदन में जाता तो वह अपनी बात अच्छे से कहता और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष भी करता 7 आखिर इस सीट पर आपके पुत्र नकुल नाथ ही क्यों सांसद?

भाजपा नेताओं ने कहा कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने 15 महीने में जो किया वह प्रदेश के हर समाज वर्ग ने देखा है। किसानों को झूठी कर्जमाफी, जनजाति समाज पर अत्याचार और पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लॉलीपॉप देकर कांग्रेस ने छला । अब कमलनाथ अधिकार यात्रा निकालने का नाटक कर रहे है जबकि अधिकार देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। जनजाति वर्ग के लिए प्रथक से मंत्रालय बनाने का काम अटल जी की सरकार ने किया। कांग्रेस ने ओबीसी कमीशन बनाया लेकिन उस आयोग को अधिकार देने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ बनाकर बाबासाहब के विचारों को प्रतिस्थापित करने काम भाजपा ने किया है

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश चतुर्वेदी एवं पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही यात्रा पर निशाना साधते हुए कहां की कांग्रेस द्वारा निकाले जाने वाली अधिकार यात्रा पर कहा कि कांग्रेस के झूठ, छल और कपट की राजनीति से जनता ऊब चुकी है। जनता कांग्रेस को पहचान चुकी है और उसका हिसाब किताब भी कर दिया है।

कांग्रेस ने देश के स्वर्णिम इतिहास

को मिटाने और दबाने का काम किया: भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चतुर्वेदी एवं पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि देश और समाज के लिए जो आईडियल है, उन महान क्रांतिकारियों के बारे में सभी को भी जानने की जरूरत है। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरूषों ने क्रांतिकारी आंदोलन खड़ा करने के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। डॉ. हेडगेवार जी ने भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने एक बड़ा विचार केवल देश ही नहीं बल्कि भारत को दिया। पं. दीनदयाल जी ने अंत्योदय का मंत्र देकर एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। क्या इनके बारे में नहीं पढ़ाया जाना चाहिए? डॉ. बाबा साहब अंबेडकर ने देश की एकता और अखण्डता के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि इतिहास को मिटाने और दबाने का काम कांग्रेस ने किया। वामपंथियों के साथ मिलकर कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास किया। जिन्होंने देश के लिए कुछ किया उन्हें छिपाने का काम किया। कांग्रेस वामपंथियों के इशारे पर चलती थी, आज वामपंथी देश के अंदर खत्म हो चुके हैं, इसलिए कांग्रेस भी धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज के साथ भी धोखा किया है और उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकारों के प्रति झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि देश की स्वतंत्रता तक आज तक रही कांग्रेस की सरकारों ने कभी भी आदिवासी विकास के लिए कोई योजना अपनी सरकारों में नहीं बनाई भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार ने सत्ता और संगठनों में महत्वपूर्ण स्थान देकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतिम छोड़ के खड़े व्यक्ति को आगे लाने का पूर्ण रूप से प्रयास कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है कांग्रेश की अधिकार यात्रा आदिवासी समाज के साथ धोखा हैद्य

उन्होंने आदिवासी समाज को जागृत करते हुए कहा कि कि कांग्रेस की झूठी बातों में ना आकर यह आप का भला नहीं कर सकते इनको बोर्ड चाहिए इसीलिए इन की अधिकार यात्रा वोट पर चोट करने की नियत से आप लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार आपके साथ खड़ी है आपके सुख और दुख में हमेशा शामिल होंगी ।

पूर्व विधायक रसाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से भोपाल में मिला

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से भोपाल स्थित उनके आवास पर जिले के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और उन्हें आने वाली श्री गणेश चतुर्थी की बधाई भी दी द्य

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पूर्व विधायक रसाल सिंह से संबोधन संगठनात्मक और केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विकास जन कल्याण योजनाओं के साथ-साथ कोविड-19 की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के बारे में भी पूछताछ की पार्टी कार्यकर्ताओं की कुशलता को पूछा द्य

पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि लहार में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल के प्रथम नगर आगमन को लेकर कहा कि आपको भी कार्यक्रम में आना पड़ेगा इसके लिए आप लहार विधानसभा क्षेत्र की ओर से

कार्यकर्ताओं का आमंत्रण स्वीकार करें भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू ने भी लहार विधानसभा क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को अवगत कराया कहा कि लहर के लिए हम सब पार्टी कार्यकर्ता संघर्ष कर रहे हैं आपका मार्गदर्शन आवश्यक है।पूर्व विधायक रसाल सिंह के साथ पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन राम प्रकाश तिवारी पूर्व जिला प्रवक्ता हिरदेश शर्मा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र भास्कर भाजपा नेता दशरथ सिंह कौरव प्रमुख उपस्थित थे।

हेमावास भाजपा मंडल बैठक का आयोजन

पुष्पांजली टुडे

पाली। भाजपा हेमावास मंडल ने मंगलवार को खैरवा के निकट रामपुरा विजय नाड़ी में एक संगठनात्मक सशक्त मण्डल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सुमेरपुर विधानसभा प्रभारी कमलेश दवे ने मंडल को सम्बोधित करते हुए मण्डल को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए ओर हेमावास मंडल में कम कार्यकर्ता आने पर मण्डल अध्यक्ष वोराराम सीरवी को खरी खोटी सुनाई। विधायक जोराराम कुमावत ने अपने सम्बोधन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। हेमावास मंडल अध्यक्ष वोराराम सीरवी व कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया इस अवसर पर विधायक जोराराम कुमावत, जिला प्रभारी कमलेश दवे, जिला उपाध्यक्ष, नारायण कुमावत, प्रधान मोहनी पुखराज पटेल, जिला प्रवक्ता त्रिलोक पटेल, मण्डल अध्यक्ष वोराराम सीरवी, जिलामंत्री मोहन जाट, मण्डल कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल। हेमावास मंडल महामंत्री भगवान राम ओड। रामपुरा समाजसेवी अमरराम सिरवी।टेवाली सरपंच जोगा राम कुमावत। हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल। खेरवा समाजसेवी भरत सिंह राणावत। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चेन सिंह रावलवास,। किसान केसरी कार्यालय सीरवी। हेमावास मंडल कार्यालय मंत्री मांगीलाल सीरवी रामपुरा। रामकिशोर साबु, आदि मौजूद रहे।

जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी ने वर्षो से रखी अस्थियों को किया गंगा में विसर्जित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी । शहर के मुक्तिधाम में कई ऐसे लोग जिनका अंतिम संस्कार होकर उनकी अस्थियों को विसर्जित करने वाला जब कोई नहीं मिला तो

ऐसी अस्थियों को समाजसेवी संस्था जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी एनजीओ की ओर से आगे आकर पहल की गई और ऐसी लगभग 13 अस्थियां मुक्तिधाम में मिली जिन्हें बीते 2 से 3 वर्षो के बीच कोई लेकर नहीं गया। ऐसे में जय माई मानव सेवा समित शिवपुरी एनजीओ के द्वारा पहल करते हुए अपनी संस्था के पदाधिकारियों विकास अग्रवाल विक्की के साथ मिलकर हरिद्वार गंगा में अस्थियों का विसर्जन किया गया। जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी एनजीओ के द्वारा बकायदा हरिद्वार गंगा घाट पर पहुंचकर इन सभी 13 अस्थियों के विसर्जन का पिण्डदान वहां मौजूद ब्राह्मणजन द्वारा कराया गया ताकि ऐसे मृत आत्माओं की आत्मा को शांति मिले।

नर्सिंग छात्रा को कोल्डड्रिंक मे नशीला पदार्थ पिलाकर साथी छात्र ने किया बलात्कार

बाद मे बदनाम देकर कई बार बनाया हवस का शिकार, पीडीता ने अलीराजपुर में जीरो पर दर्ज कराई थी एफआइआर

केस डायरी आने पर निशातपुरा पुलिस ने मामला दर्जकर शुरु की आरोपी की तलाश

भोपाल। राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके के करोंद इलाके में किराए के मकान में रहने वाली नर्सिंग छात्रा के साथ उसके सहपाठी द्वारा कोल्डड्रिंक मे नशीला पदर्थ पिलाकर रेप किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी छात्रा पीडीता को खाना खिलाने के बहाने होटल ले गया था, ओर वही उसने छात्रा के साथ रेप किया। दुष्कर्म के बाद में आरोपी छात्र ने किसी को कुछ भी बताने पर उसे जान से मारने ओर समाज मे बदनाम करने की धमकी देकर चुप करा दिया। आरोप है कि इसके बाद छात्र ने उसे कई बार अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना के बाद छात्रा अपने गांव पहुंची ओर वहाँ परिजनों को आरोपी की सारी करतूत बताई, इसके बाद परिवार वाले उसे लेकर वहीं के थाने में शिकायत करने पहुचें। स्थानिय पुलिस ने पीडीता की शिकायत पर जीरो पर मामला दर्ज करने के बाद

प्रकरण भोपाल भेज दिया। इसके बाद निशातपुरा पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। निशातपुरा थाना पुलिस ने बताया कि मुल रुप से अलीराजपुर की रहने वाली 28 वर्षीय युवती करोंद इलाके में किराए के मकान में रहती है। वह यहां पर रहकर एक निजी कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। उसके साथ ही गोविंद अहिरवार नाम का छात्र भी पढ़ता है। साथ में पढ़ाई करने के कार दोनों के बीच जान पहचान हो गई थी। गोविंद सीहोर जिले का रहने वाला है, तथा वह भी यहां पर किराए के मकान मे छात्रा के करीब वाले मकान मे ही रहता है। दोनों के बीच की पहचान जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। पीडीता का आरोप है कि बीती 14 अगस्त को खाना खिलाने के बहाने गोविंद छात्रा को कार में बैठाकर एक होटल में लेकर गया। इस होटल में उसने पहले से ही एक कमरा बुक कर रखा था। इस कमरे में गोविंद ने युवती को कोल्डड्रिंक मे नशीला पदर्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। बाद मे छात्रा को जब होश आया तो वो आपत्तिजनक हालत मे थी। उसने जब पुलिस को शिकायत करने की बात कही तो गोविंद ने उसे समाज मे बदनाम करने व जान से मारने की धमकी देकर छात्रा को चुप करा दिया।

मप्र में लगातार बढ रही डेंगू के मरीजों की संख्या

भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में सामने आ रहे मरीज

भोपाल। प्रदेश में लगातार डेंगू मरीजों की संख्या बढते जा रही है। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर आदि शहरों में डेंगू के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। कोरोना के बाद भोपाल में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सोमवार को 12 मरीज मिले हैं। यह इस साल में एक दिन में सर्वाधिक आंकड़ा है। चिकनगुनिया के चार मरीज मिले हैं। अब तक मिले मरीजों में 40 का निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग अब कोरोना के बाद डेंगू से लोगों को बचाने में जुट गया है। दरअसल प्रदेश के अनके हिस्सों में कभी बारिश और कभी धूप की वजह से मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ना भी इसकी वजह मानी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बताया कि डेंगू के सबसे ज्यादा मरीज साकेत नगर, बागसेवनिया, कोटरा में मिल रहे हैं। करीब 10 फीसद घरों में लार्वा मिल रहे हैं, इसके बाद भी नगर निगम की तरफ से मकान मालिकों पर जुर्माना नहीं किया जा रहा है। पिछले सालों में कुछ मकान मालिकों के यहां एक साल के भीतर कई बार लार्वा मिलने पर 200 से लेकर पांच हजार रुपये तक जुर्माना किया गया था। दूसरी बात यह है कि लार्वा सर्वे के लिए कर्मचारियों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जा रही है। पूरे शहर में नगर निगम के 85 वार्डों के लिए सिर्फ 33 टीमें काम कर रही हैं, जबकि हर वार्ड में कम से एक टीम होनी चाहिए। इंदौर में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को डेंगू के आठ नए मरीज मिले। इस तरह अब तक डेंगू के 86 मरीज मिल चुके हैं। सोमवार को मिले डेंगू के मरीजों एक एमजीएम मेडिकल कालेज के बालक छात्रावास व एक बालिका छात्रावास में मिला। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग छात्रावास में भी एक मरीज मिला। कुछ दिन पहले भी मेडिकल कालेज व नर्सिंग कालेज में डेंगू के मरीज मिल चुके

है। एमजीएम मेडिकल कालेज के डीन डा. संजय दीक्षित के मुताबिक हमने निगम की टीम बात की है। वो छात्रावासों में सर्वे कर जहां भी जलजमाव वाले स्थान होंगे वहां लार्वानाशक दवा का छिड़काव करेंगे। इसके अलावा जल निकासी के इंतजामों को भी दुरस्त किया जाएगा और जहां सफाई की जरूरत होगी, वो भी करवाएंगे। सोमवार को मेडिकल कालेज व नर्सिंग कालेज छात्रावास के अलावा बाणगंगा क्षेत्र के मुखर्जी नगर, सांवेर रोड स्थित भवानी नगर, स्कीम-162, मूसाखेड़ी क्षेत्र के चंद्रपुरी, आलोक नगर, वीणा नगर क्षेत्र में भी डेंगू के मरीज मिले। ग्वालियर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा मनीष शर्मा के अनुसार अस्पतालों में डेंगू के 27 मरीज सामने आए हैं, जिनमें से 16 मरीज ग्वालियर शहर के हैं। हम डेंगू को रोकने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं। जबलपुर में शनिवार को एक साथ डेंगू के 22 मरीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। नगर निगम के 9 नंबर वार्ड में लोग डेंगू का शिकार हुए। जबलपुर नगर निगम ने शहर में दवाई के छिड़काव के साथ फागिंग मशीन चलाई जा रही है। उधर भोपाल में कोरोना का प्रकोप भले ही नियंत्रित हो, लेकिन बारिश के इस सीजन में डेंगू पांव पसार रहा है। सोमवार को मलेरिया विभाग की टीम द्वारा किए गए सर्वे में 121 घरों में डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छर के लार्वा मिले हैं। इसी लार्वा से सात दिन के भीतर मच्छर बनते हैं। इन्हें नष्ट कर दिया जाए तो डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को भोपाल मैं डेंगू से संक्रमित पाए गए लोगों के घरों के चारों ओर 50-50 घरों में लार्वा सर्वे किया गया। कुल 1228 घरों में सर्वे में 121 घरों में लार्वा मिला है। स?वास?थ?य अधिकारियों के मुताबिक फ्रिज के बास्केट, कूलर, गमले, चिड़ियों के लिए रखे गए बर्तनों में भरे पानी में लार्वा पनप रहे हैं। करीब 10 फीसद घरों में लार्वा मिल रहे हैं। इसके बाद भी नगर निगम की तरफ से मकान मालिकों पर जुर्माना नहीं किया जा रहा है। पिछले सालों में कुछ मकान मालिकों पर एक साल के भीतर कई बार लार्वा मिलने पर 200 से लेकर पांच हजार रुपये तक जुर्माना किया गया था। दूसरी बात यह है कि लार्वा सर्वे के लिए कर्मचारियों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जा रही है।

नौकरी दिलाने के नाम पर आबरू लूटी: युवक ने खुद को मंत्री का खास बताकर रेप किया

ग्वालियर। ग्वालियर में रेप और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खुद को मंत्री का आदमी और दोस्त को स्क्र बनाकर बेरोजगार युवती के साथ रेप किया। इतना ही नहीं रेप से पहले उसे नशीली चाय पिलाई गई, जिससे उसके न्यूड फोटो, वीडियो शूट कर लगातार ब्लैकमेल कर सकें। घटना जून-जुलाई 2020 से अभी तक की है।

जब भी युवती विरोध करती तो उसके वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप करा देते थे।अभी हाल ही में युवती को पता लगा कि जो आदमी स्क्र बनकर उसके साथ ऐसा किया था असल में वह आरोपी का रिश्तेदार था। इसके बाद पीड़िता ने हिम्मत कर झांसी रोड थाना में मामले की शिकायत की है। आरोपियों ने यह भी धमकी दी है कि वह डबरा के रहने वाले हैं और मंत्री के आदमी हैं। पुलिस उनकी जेब में रहती है। कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर रेप का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है। शहर के पाटनकर बाजार में रहने वाली 24 वर्षीय युवती सिरोल रोड पर एक प्राइवेट फर्म में जॉब करती थी। मार्च 2020 में कोविड के चलते लॉकडाउन लगा तो उसकी नौकरी चली गई। युवती की घर की हालत ठीक नहीं होने के कारण उसके कंधों पर ही सारी जिम्मेदारी थी। इसके बाद उसने अपने लिए नौकरी तलाशना शुरू कर दी। जून-जुलाई महीने में कुछ अनलॉक की शुरुआत हुई। तो युवती ने बाहर जाकर नौकरी तलाशना शुरू किया, लेकिन उस समय कोई काम देने को तैयार नहीं था। इसी बीच उसे डबरा के ठाकुर बाबा रोड निवासी चेतन जैन मिला उसने बताया कि वह डबरा में मंत्री जी का बहुत खास है। कई अफसरों से उसके संबंध हैं। वह उसकी सरकारी नौकरी

लगवा देगा। इस बहाने वह अक्सर युवती से बात करने लगा। जुलाई 2020 में उसने नौकरी के लिए इंटरव्यू कराने उसे हरिशंकरपुरम स्थित एक फ्लैट में बुलाया। यहां भी वह अपनी सफेद रंग की क्रेटा कार में बैठाकर उसे ले गया। फ्लैट पर पहुंचने के बाद बोला कि यहीं कुछ अफसर आने वाले हैं। अब नौकरी पक्की समझो।

नशीली चाय पिलाकर किया दुष्कर्म: यहां पर उसे पीने के लिए चाय ऑफर की। चाय पीते ही युवती बेहोश हो गई और जब होश आया तो वह बिना कपड़ों बेड पर थी। पास में चेतन जैन भी बगैर कपड़ों के लेटा था। जब उसने विरोध किया तो चेतन ने फोटो-वीडियो दिखाए और वायरल करने की धमकी दी। बाद में बोला नौकरी के लिए कुछ तो करना पड़ेगा। इसके बाद वह उसे ब्लैकमेल कर रूम पर बुलाकर शारीरिक शोषण करने लगा।

रिश्तेदार को स्क्र बनाकर मेरे साथ कराया रेप: इसके बाद वह उसे अफसरों से मिलाने के नाम पर ले जाता और उसके साथ गलत काम करता था। एक दिन उसने उसे जितेन्द्र जैन को स्क्र बताते हुए मुझसे मिलवाया। साथ ही कहा कि यह पुलिस विभाग में मेरी नौकरी लगवाएंगे। स्क्र बने युवक ने मेरा ष्ट्ठ लिया और फोटो लिए। इसके बाद बोले नौकरी के लिए रिश्वत लगेगी। उसने भी मेरा शारीरिक शोषण किया। कुछ दिनों बात पता लगा कि वह कोई एसपी नहीं था वह चेतन का रिश्तेदार जितेन्द्र जैन निवासी डबरा था।

मंत्री के इलाके के हैं कुछ नहीं बिगाड़ सकती: आरोपियों ने उसको धमकी दी कि वह मंत्री के इलाके के हैं और वह उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती है। उनके शोषण से परेशान पीड़ित काफी समय तक सदमे में रही। आखिर में वह झांसी रोड थाना पहुंची और अपने साथ हुए व्यवहार की शिकायत की है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

नैनो न्यूज

माहौर ग्वार्रे वैश्य ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान और वृक्षारोपण

ग्वालियर। मुरार नगर में निवासरत माहौर ग्वार्रे वैश्य समाजबंधुओ के कुछ परिवारों में कोरोना वायरस महामारी के कारण कोरोना से पीड़ित होकर हमारे वरिष्ठजन,मातृशक्ति एवं युवासाथी हम सभी से व अपने परिवार से बिछडकर वैकुण्ठधाम को प्रस्थान कर गए मुरार नगर में ऐसे दिवंगत वरिष्ठजन, मातृशक्ति व युवासाथी की स्मृति मे व साथ ही माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज को गौरान्वित करने वाले व अन्नपूर्णा सेवा समिति के संयोजक स्व अनिल गुप्ता जो कि असामयिक हादसे शिकार हो हमसे बिछड़ गए इन सभी की स्मृति में महाराजा महासेन सेवादल माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज मुरार द्वारा किये गए वृक्षारोपण का संरक्षण का संकल्प लेकर उनके परजिनों के हाथों द्वारा वृक्षारोपण कर दो मिनिट का मौन धारण कर श्रधांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर घनश्याम गांगिल, सुरेश गुप्ता, रामकुमार गांगिल, हरिओम गांगिल, गोविंद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, खेमराज गुप्ता, राजेश बोहरे, अतुल गुप्ता ,अतुल गांगिल, सुनील बंसल, विष्णु बंसल, राहुल गुप्ता, अमित गांगिल, कमल गांगिल ,ओम प्रकाश गुप्ता व मातृशक्ति सहित अन्य समाज बन्धुओ ने उपस्थित रहकर सहयोग देकर सहभगिता प्रदान की।

औद्योगिक केन्द्र के सहायक को रिश्वत लेते दबोचा



ग्वालियर। लोकायुक्त पुलिस ने आज मुरैना के जिला व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र के एक कार्यालय सहायक ग्रेड 3 देवेन्द्र गुप्ता को 3 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये दबोचा है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के अनुसार विनोद गुर्जर पुत्र रामवरण गुर्जर निवासी सेंधरा बढ़ई थाना अंबाह ने शिकायत की थी कि उसने दुग्ध डेयरी के पीएमईजीपी योजना के तहत 7 लाख रूपये का ऋण मंजूर कराने के लिये15 हजार रूपये देवेन्द्र गुप्ता ने मांगे थे। आज इसी क्रम में जब विनोद गुर्जर ने 3 हजार रूपये देवेन्द्र गुप्ता को दिये तो औद्योगिक केन्द्र मुरैना के कार्यालय में लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया।

मेडिकल स्टोर के ताले चटका कर 10 लाख की नकदी चोरी

ग्वालियर। शहर गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल स्टोर के ताले चटका कर चोर 10 लाख की रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हनुमान कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र शर्मा का सांची दुग्ध पार्लर के पास नुपुर मेडिकल स्टोर है बीती रात चोरों ने उनके मेडिकल स्टोर के ताले चटका दिए और गले में रखी ?10 लाख की नगदी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

श्री बाबा महाराज की तृतीय पुण्यतिथी मनाई गई

ग्वालियर। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जनकगंज मे गोलोकवासी परम पूज्य गुरुदेव श्री बाबा महाराज की तृतीय पुण्य तिथी (श्री बाबा महाराज के विधी विधान से पूजन के पश्चात सायंकाल महा प्रसादी वितरण किया कर मनाई गई। इसी आयोजन के अंतर्गत मंदिर मे दिनांक 8-9-21 बुधवार को रात्रि 8 बजे से स्वरांजली के माध्यम से स्थानीय कलाकरो द्वारा संगीत संगीत मय श्रद्धांजलि आयोजित की जाएगी।

सिंधिया समर्थक भाजपा नेता पर कातिलाना हमला: भाजपा नेता को मिलने बुलाया, करने लगे बहस, तभी बाइक सवार निकले और दो फायर कर दिए

ग्वालियर। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक भाजपा नेता मोहित जाट पर सोमवार रात 11.30 बजे कातिलाना हमला हुआ है। पहले कुछ लोगों ने उनको मिलने बुलाया और बहस करने लगे। उनके हाथ में पिस्टल थीं, लेकिन तभी बाइक सवार दो युवक तेजी से वहां से निकले और फायरिंग कर दी। एक के बाद एक दो गोलियां चलाई गई। किस्मत से मोहित को गोली नहीं लगी है। इसके बाद वहां से हमलावर भाग गए। घटना के बाद तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने 3 नामजद समेत 7 पर स्न्नढ्ढक्र दर्ज की है। इस मामले में हमले का ष्टष्टङ्खङ्क फुटेज सामने आया है। जिसमें अचानक गोली चलाते दिखे हैं। मोहित जाट ने अन्य भाजपा नेता पप्पन शर्मा पर सुपारी देकर हमला कराने कीआशंका व्यक्त की है।

कदम साहब का बाड़ा जनकगंज 54 वर्षीय मोहित जाट पुत्र स्व. जयसिंह जाट केन्द्रीय मंत्री सिंधिया समर्थक भाजपा नेता हैं। सोमवार रात उनकी हत्या का प्रयास किया गया है।

बाइक सवार आधा दर्जन से ज्यादा हथियारबंद बदमाशों ने उन पर फ़ायरिंग कर दी। वारदात का फुटेज भी सामने आया है। भाजपा नेता मोहित जाट ने बताया किअपराधी बेटू चौरसिया ने उन्हें सोमवार रात मोबाइल पर कॉल कर मिलने के लिए हरीनिर्मल टॉकीज पर बुलाया था। वह अपने एक कार्यकर्ता रवि श्रीवास के साथ वहां पहुंच गए। यहां देखा तो बेटू चौरसिया के साथ कुछ और युवक भी खड़े थे। यहां आते ही उन्होंने मोबाइल हाथ से छीना और सीने से पिस्टल अड़ा दी। इसके साथ ही कहा कि आजकल बहुत नेतागीरी कर रहा है। इसके बाद धक्का मुक्की करने लगे। जब मोहित ने विरोध किया और हंगामा होता दिखा तो वहां मोहित की पहचान वाले कई लोग रूकने लगे। इस पर हमलावर वहां से भागने लगे। इसी समय बाइक सवार दो बदमाश बदमाशों ने मोहित पर एक के बाद एक दो गोलियां चला दीं। किसी तरह उन्होंने खुद को बचाया। गोलियों की आवाज आसपास दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हमलावर भाग चुके थे। पुलिस ने भाजपा नेता की शिकायत पर बेटू चौरसिया , करन राठौर व रवि तोमर समेत सात लोगों पर हत्या का प्रयास व बलवा मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी बेटू चौरसिया का नाम कुछ समय पहले गुढ़ा में हुई 80 लाख रुपए की चोरी में भी उछला था। हाल ही में अपराध जगत में उसने तेजी से नाम बढ़ाया है।

जनपद पंचायत मुरार की शत-प्रतिशत पात्र आबादी को लगे प्रथम डोज के टीके

राज्य मंत्री कुशवाह के मुख्य आतिथ्य और सांसद की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित

ग्वालियर। ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत मुरार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस जनपद पंचायत की सभी 60 ग्राम पंचायतों में निवासरत शत-प्रतिशत पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम डोज के मंगल टीके लगाकर कोरोना से बचाव के लिये सुरक्षा कवच पहना दिया गया है। इस उपलक्ष्य में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि यदि काम करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सफलता का रास्ता निकल ही आता है। मुरार जनपद पंचायत ने इसे साबित करके दिखाया है। मुरार जनपद पंचायत की 60 ग्राम पंचायतों से जुड़े सभी 127 आबाद ग्रामों में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लगभग 74 हजार पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम डोज के टीके लगाए जा चुके हैं। मतदाता सूची को आधार बनाकर यह टीकाकरण पूर्ण किया गया है। जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों में घर-घर सर्वे किया गया है। जनपद पंचायत मुरार के विभिन्न ग्रामों में निवासरत लगभग 18 हजार ऐसे लोगों का डाटाबेस भी तैयार कर लिया गया है, जो नौकरी व काम के सिलसिले में देश के अन्य राज्यों में गए हैं। इन सभी के वैक्सीनेशन की जानकारी भी जुटाई जा रही है। साथ ही ऐसी व्यवस्था भी बना दी गई है कि यदि ये लोग वापस अपने गांव में लौटते हैं और अगर उन्हें टीका नहीं लगा है तो तत्काल टीका लगाया जा सके।

मंगलवार को यहाँ बाल भवन में आयोजित हुए सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह,



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल, प्रभारी नगर निगम आयुक्त श्री आशीष तिवारी, एसडीएम मुरार श्री एच बी शर्मा, जनपद पंचायत के सीईओ श्री राजीव मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुरार की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला-बाल विकास, राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के विकासखण्ड व ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस अभियान में जन-जन की भावना जुड़ी हो, उस अभियान को सफलता जरूर मिलती है। सभी के साझा प्रयासों व परिश्रम से मुरार जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतें प्रथम चरण का शतप्रतिशत टीकाकरण करने में सफल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा जनसेवक वही है जो संकट के समय जनता के काम आए। इस कसौटी पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान खरे उतरे हैं। इनके नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार ने जहां कोरोना संक्रमण पर काबू पाने में सफलता हासिल की है, वहीं वैक्सीन की भी कमी नहीं आने दी। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि कोरोना महामारी का सफलतापूर्वक मुकाबला करने वाले देशों में भारत अग्रणी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने मजबूत प्लान बनाया था। जिसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने मुरार जनपद पंचायत के सभी जनप्रतिनिधिगण और टीकाकरण से जुड़े विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को बधाई दी। साथ ही उम्मीद जाहिर की कि इसी तरह सेकेण्ड डोज के वैक्सीनेशन में भी यह जनपद पंचायत सफलता हासिल करेगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्वालियर जिले की शेष बचे लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को भी प्रथम डोज का टीका लगाने के लिये जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पुख्ता रणनीति बनाई है। उम्मीद है कि 18 सितम्बर तक यह लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा।

प्लॉट के नाम पर सात लाख की ठगी

ग्वालियर। शहर की थाटीपुर थाना पुलिस ने एक ट्रैवल्स संचालक को प्लॉट का सौदा कर सात लाख की चपत कराने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के रामपुरी मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह चौहान पैसे से ट्रैवल्स संचालक हैं। कुछ समय पहले उन्होंने नदी पार डाल पर रमेश चंद कुशवाहा और उनकी बेटी रानी कुशवाहा से एक प्लॉट का सात लाख में सौदा कर एग्रीमेंट किया था। इसी बीच रमेश कुशवाहा का निधन हो गया ।बाद में रानी कुशवाह ने उक्त प्लाट को मुन्ना लाल शर्मा को बेच दिया। जब ट्रैवल्स संचालक को उसका पता चला तो उसने अपनी रकम वापस मांगी। इस पर रानी कुशवाह ने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर सुरेंद्र सिंह ने थाटीपुर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने जांच के बाद रानी कुशवाहा तथा मुन्ना लाल शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

जेसी सप्ताह में विविध आयोजन होंगे, ऑन लाइन फ्राड से बचाव की जानकारी भी देंगे

ग्वालियर। जूनियर चेंबर इन्टरनेशनल (जेसीआई) का विश्व भर में 9 से 15 सितंबर तक जेसी सप्ताह शुरू होगा। इस सप्ताह देश , प्रदेश सहित ग्वालियर में भी विविध आयोजन होंगे। जेसी आई इंडिया मंडल -6 का अध्याय जेसीआई ग्वालियर भी जेसी सप्ताह के तहत विभिन्न आकर्षक मनोरंजक एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें सबसे प्रमुख वाइस ऑफ ग्वालियर का आडिशन सहित ऑन लाइन बैंकिंग , ई-बैंकिंग में फ्राड से कैसे बचें इसका भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त जानकारी आज जेसीआई ग्वालियर के अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल सचिव आनंद शर्मा, जेसी वीक चेयरमैन कपिल अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव न संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि जेसी सप्ताह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके तहत 9 सितंबर, गुरुवार, को चेंबर के सहयोग से टीकाकरण शिविर आयोजित होगा।

इस दिन चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में कोविड से बचाव हेतु आमजन को वैक्सीन लगवाया जाएगा । जिसमे ज्यादा से ज्यादा लोग इसमे आकर लाभ उठाएं । इस कार्यक्रम के कार्यक्रम प्रभारी . जेसी वैभव सिंघल , कार्यक्रम संयोजक - जेसी पवन अग्रवाल होंगे। 10 सितंबर को वॉइस आफ ग्वालियर सीजन -10 ऑडिशन होंगा- इस दिन जेसीआई ग्वालियर वॉइस ऑफ ग्वालियर के 10 वे सीजन का ऑडिशन करने जा रहा है, इसे 2 ग्रुप में आयोजित किया जाएगा । ग्रुप 1 -15 वर्ष से कम, ग्रुप 2- 15 वर्ष से अधिक, इसका सेमीफाइनल व फाइनल राउंड 14 सितम्बर को चैम्बर ऑफ कॉमर्स में रखा गया है । व इसी दिन 10 सितम्बर को जेसीआई इंडिया की गाइडलाइन के अनुसार जेसीआई परिवार में नवीन सदस्यों को भी जोडा जावेगा। इस कार्यक्रम के प्रभारी उपाध्यक्ष - जेसी दीपांश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक- जेसी नितिन गंगेले, जेसी प्रदीप अग्रवाल, कार्यक्रम सह-संयोजक. जेसी दिलीप बत्रा, जेसी विशाल बत्रा, जेसी योगेश गुप्ता,जेसी नितिन सांघी होंगे। 11 सितंबर, शनिवार, को नर्चरिंग वीमेन में इस दिन जेसीआई ग्वालियर की महिला सदस्यों को ऑनलाइन बैंकिंग, ई बैंकिंग करने एवं इसमें फ्राड आदि से बचने के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसकी ट्रेनर सीए शालिनी भारद्वाज रहेंगी।

कार-बाइक भिड़ीं, बीच सड़क पर मारपीट

लोग बीच-बचाव करने की जगह ङ्खड्डष्ठश्वह्ल बनाते रहे। घटना सोमवार रात शहर के मोती तबेला की है। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक बाइक सवार भाग चुका था। कार सवारों ने थाना पहुंचकर मारपीट की शिकायत की है।

यह है मामला

ग्वालियर। ग्वालियर में कार और बाइक के भिड़ंत के बाद भारी विवाद हो गया। टक्कर से नाराज बाइक सवार ने एक बड़ा पत्थर हाथ में उठाया और कार सवार दोनों युवकों पर टूट पड़ा। सड़क पर लिटाकर उनको पीटा। बचाव में कार सवारों ने भी बेल्ट से मारने की कोशिश की, लेकिन बाइक सवार अकेला कार सवार दोनों युवकों की पिटाई करता रहा। पांच मिनट तक सड़क अखाड़ा बन गया। उधर, सोमवार रात मोती तबेला के पास फूड मार्केट से होकर कार सवार मयंक शर्मा व यश इंदरगंज की तरफ निकल रहे थे, तभी सामने से आ रही एक बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। बाइक पर एक युवक और महिला थी। टक्कर के बाद कार और बाइक सवार उतरे और एक-दूसरे को गालियां देने लगे। कुछ ही देर में नोकझोंक मारपीट में बदल गई। कार सवार एक लड़के ने डराने के लिए बेल्ट निकाल लिया। इसके बाद बाइक सवार ने सड़क पर पड़ा एक पत्थर उठा लिया और कार सवार मयंक और यश पर टूट पड़ा। बीच सड़क और डिवाइडर पर दोनों को लेटा-लेटाकर मारा। मामले में कार सवार युवकों ने बाइक सवार के खिलाफ इंदरगंज थाना में शिकायत की है। पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है। बाइक सवार की पहचान की जा रही है।

निगम अधिकारियों की संवेदनशीलता बनी सहारा, माधव वृद्धा आश्रम में निवासरत 5 बुजुर्गों की प्रारंभ कराई वृद्धावस्था पेंशन

ग्वालियर। अपनों से या परिस्थितियों से ठुकराए गए लोगों का सहारा होते हैं, वृद्धाश्रम, यहां बुजुर्ग अपना जीवन तो काट सकते हैं, लेकिन उनके पास कोई आर्थिक संबल का जरिया नहीं होता है और वह अपनी छोटी-छोटी इच्छाएं भी मन में दबाकर ही रह जाते हैं। लेकिन नगर निगम अधिकारियों की मानवीय संवेदनशीलता के चलते शहर के माधव बाल निकेतन एवं वृद्धाश्रम में ऐसे पांच बुजुर्ग लोगों की शासन की जनकल्याणकारी वृद्धा पेंशन प्रारंभ हो गई जो इसके लिए पात्र थे, लेकिन अपनी वृद्धावस्था के कारण कार्यालय में जाकर आवेदन नहीं कर पा रहे थे। अब इन्हें प्रतिमाह 600 रुपए महीनें मिलेगें जिसे यह अपनी मर्जी से खर्च कर सकते हैं। नगर निगम के जनकल्याण विभाग में कार्यरत नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि वह विभिन्न अवसरों पर वृद्धाश्रम में पंहुचकर बुजुर्गों को भोजन आदि कराने जाते थे, तब उन्होंने वहां निवासरत कुछ बुजुर्गों से उनके विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी ली और जब उन्हें लगा कि इन बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन प्रारंभ हो सकती है, उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की और उन बुजुर्गों के दस्तावेज लेकर उनकी वृद्धावस्था पेंशन प्रारंभ कराई। नगर निगम के जनकल्याण विभाग की नोडल अधिकारी श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, नीरज श्रीवास्तव एवं श्रीमती सुमन बघेल ने गत दिवस माधाव वृद्धाश्रम में पंहुचकर सैफुद्दीन सिद्दकी, श्रीमती गार्गी गंगवार, श्रीमती अजुद्धी बाई, घनश्याम पाल एवं श्रीमती मीराबाई को वृद्धावस्था पेंशन के स्वीकृति पत्र सौंपे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478